इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -307 राजनांदगांव, गुरूवार 26 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# पैरासिटामोल समेत 53 दवाईयां गुणवत्ता परीक्षण में फेल, सीडीएससीओ रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली। आमतौर पर बुखार में खाई जाने वाली पैरासिटामोल टैबलेट गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई है। इसके अलावा कैल्शियम और विटामिन डी-3 की सप्लीमेंट, मधुमेह की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाओं सहित 50 से अधिक दवाएं औषधि नियामक द्वारा किए गए गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गई हैं। गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई दवाओं की लिस्ट इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ)ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की है।



### पेट संक्रमण में खाई जाने वाली ये दवाई भी हुई फेल

पेट के संक्रमण के इलाज के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल, जिसे पीएसयू हिंदुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित किया जाता है, उन दवाओं में से एक है जो गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही है।

टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स द्वारा वितरित और उत्तराखंड स्थित प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर द्वारा निर्मित विटामिन-सी और डी-3 की टैबलेट्स शेल्कल भी परीक्षण में पास नहीं हुई। कोलकाता की कोलकाता औषधि परीक्षण प्रयोगशाला ने एल्केम हेल्थ साइंस की एंटीबायोटिक्स क्लैवम 625 और पैन डी को नकली माना गया है।

### बच्चों को दी जाने वाली ये दवा भी हुई फेल

इसी प्रयोगशाला ने हैदराबाद स्थित हेटेरो के सेपोडेम एक्सपी 50 ड्राई सस्पेंशन घटिया गुणवत्ता का करार दिया है। ये दवा बैक्टीरियल संक्रमण में बच्चों को दी जाती है। कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की पैरासिटामोल गोलियों को भी गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के लिए चिह्नित किया गया है। दवा नियामक ने गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने वाली दवाओं की दो सूचियां साझा की हैं। जिसकी एक सूची में 48 लोकप्रिय दवाएं हैं। वहीं दूसरी सूची में अतिरिक्त 5 दवाएं हैं। जो टेस्ट में फेल पाई गई हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ये दवाएं टेस्ट में हुई फेल

भारतीय औषधि नियामक- सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन हर महीने दवाईयों की जांच के लिए कुछ दवाओं को चुनता है। फिर उनकी जांच की जाती है। इस बार सरकारी संस्था ने विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल, एंटीएसिड पैन-डी, पैरासिटामोल आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवा ग्लिमेपिराइड, हाई ब्लड प्रेशर की दवा टेल्मिसर्टन जैसी दवाई का टेस्ट किया था। जो क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गईं। ये दवाएं हेटेरो ड्रग्स, एल्केम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफसाइंसेज, प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर कई दिग्गज दवा निर्माता कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं।

# जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण में हुआ 56 प्रतिशत से अधिक मतदान



जम्मू/श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण की 26 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और इस दौरान रात साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औसतन 56.94 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट श्री माता वैष्णो देवी सीट पर और हब्बाकदल सीट पर सबसे कम मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के मुताबिक आज दूसरे चरण में छह जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, गंदेरबल, श्रीनगर और बड़गाम के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। श्री माता वैष्णो देवी सीट पर सबसे अधिक 80.74 प्रतिशत मतदान हुआ और हब्बाकदल में सबसे कम 19.81 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आयोग ने प्रवासी कश्मीरी मतदाताओं ने 24 विशेष मतदान केंद्रों के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जिनमें से प्रवासी कश्मीरियों के लिए जम्मू में 19, उधमपुर में एक और दिल्ली में चार मतदान केन्द्र स्थापित किये थे। इससे पहले, आयोग ने बोझिल फॉर्म-एम को समाप्त करके और स्व-प्रमाणन को सक्षम बनाकर प्रवासी कश्मीरी मतदाताओं के लिए इस प्रक्रिया को आसान बनाया था।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश के छह जिलों में से बडगाम में 62.98 प्रतिशत, गंदेरबल में 62.51, पुंछ में 73.80, राजौरी में 70.95, रियासी में 74.70 और श्रीनगर जिले में 29.51 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश के श्री माता वैष्णो देवी सीट पर जहां सबसे अधिक मतदान हुआ वहीं हब्बाकदल में सबसे कम मतदाता अपने घरों से बाहर निकले। अन्य सीटों में बीरवाह में 66.94, बडगाम में 51.09, बुढाल (सुरक्षित) में 70.14, सेंट्रल शालटेंग में 31.83, चदूरा में 57.19, चन्नापोरा में 29.50, चरार-ए-शरीफ में 70.26, ईदगाह में 36.65, गंदेरबल में 56.60, गुलाबगढ़ (सुरक्षित) में 73.49, हजरतबल में 32.35, कलाकोटे-सुंदरबनी में 68.71, कंगन (सु) में 72.18, खानसाहिब में 72.04, खानयार में 26.08, लाल चौक में 32.67, मेंढर (सुरक्षित) में 71.60, नौशेरा में 72.00, पुंछ-हवेली में 74.66, राजौरी (सुरक्षित) में 70.56, रियासी में 72.06, सूरनकोट (सुरक्षित) में 74.95, थन्नामंडी (सुरक्षित) में 72.92 और जेदीबल में 28.36 प्रतिशत औसतन मतदान हुआ। बडगाम में श्री उमर अब्दुल्ला का मुकाबला पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के आगा सैयद मुंतजिर से है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# डॉ. रमन को मिली बड़ी जिम्मेदारी, तीन राज्यों के बनाए गए समन्वयक



रायपुर (दावा)। भारत में आयोजित दसवें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र की कार्यकारिणी में देशभर की विधायिका के प्रतिनिधि मौजूद हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान इन तीनों राज्यों की एक कमेटी गठित हुई है जिसके समन्वयक छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को चुना गया है। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी समिति के सदस्य है।

संसद भवन में आयोजित इस कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि इन तीनों ही राज्यों में एक-एक संसदीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ में संभवतः जनवरी में यह कार्यक्रम प्रस्तावित है।

इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के लिए आउटरीच कार्यक्रम, शहरी स्थानीय निकायों के लिए आउटरीच कार्यक्रम, युवा विधायकों के लिए आउटरीच कार्यक्रम, महिला विधायकों के लिए आउटरीच कार्यक्रम, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की स्थायी समितियों/वित्तीय समितियों का सम्मेलन, विधायकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम, विशेष रूप से आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग, अध्ययन के लिए दौरे, युवा संसद/युवा सम्मेलन, महत्वपूर्ण सार्वजनिक हस्तियों की स्मृति में कार्यक्रम, भारत का संविधान, संसदीय लोकतंत्र आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इसके साथ ही महिलाओं, छात्रों और युवाओं को लक्ष्यित करने वाले विशिष्ट कार्यक्रम और विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण जैसे विषय भी इन संसदीय कार्यक्रमों का हिस्सा होंगे।

## कवर्धा में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद : वन विकास निगम की टीम को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, अफसरों का सिर फोड़ा



कवर्धा। कवर्धा जिले में रेत माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हैं कि, वे अब वन विकास निगम की टीम पर भी जानलेवा हमला करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। रेत माफियाओं ने वन विकास निगम के अमले को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और एक अफसर का सिर फोड़ दिया। यह मामला कुकदूर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम डालामौहा के कुदूर झोरी नाले से रेत निकालकर परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद तत्काल वन विकास निगम की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेकिन रेत माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद थे कि, उन्होंने भागने की बजाय वन विकास निगम की टीम पर हमला पर कर दिया। दर्जन भर से ज्यादा लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और एक अफसर का सिर फोड़ दिया। मारपीट करने के बाद वे फरार हो गए. बताया जाता है कि, हमलावरों में बच्चे भी शामिल थे।

# महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश, मुबंई में स्कूल-कॉलेज बंद; उड़ानें डायवर्ट



मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बारिश को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मुंबई में भारी बारिश के बाद दो उड़ानों को डायवर्ट किया है, जबकि कई उड़ानों के रद्द किया जा सकता है।

### स्कूल-कॉलेज बंद

बीएमसी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय मौसम विभाग आईएमडी ने कल सुबह 8.30 बजे तक मुंबई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुंबई के सभी स्कूलों और कॉलेजों में कल गुरुवार 26 सितंबर 2024 को छुट्टी घोषित कर दी गई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) प्रशासन मुंबईकरों से अनुरोध करता है कि वे केवल आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें।

### भारी बारिश की चेतावनी

वहीं, मुंबई पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया कि आईएमडी ने 26 सितंबर की सुबह तक मुंबई और उपनगरों में गरज और बिजली के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सभी मुंबईकरों से अनुरोध है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर के अंदर ही रहें। कृपया सुरक्षित रहें। किसी भी आपात स्थिति में 100 नंबर डायल करें।

### आईएमडी का रेड अलर्ट जारी

आईएमडी ने कहा कि मुंबई और ठाणे में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश और गरज के साथ बिजली और तेज हवा चलने की संभावना है। पुणे, रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें बहुत भारी बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने की भी भविष्यवाणी की गई है।

### कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

बुधवार शाम जारी एक चेतावनी में आईएमडी ने कहा कि अगले 3-4 घंटों के दौरान मुंबई, पालघर, नंदुरबार, धुले, जलगांव, सोलापुर और सतारा जिलों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीजीपीएससी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पकड़ेंगे फर्जी परीक्षार्थी, फोटो-वीडियो बताएंगे असली पहचान

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) अब फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद लेगा। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी रोकने के लिए आयोग ने एआई के उपयोग की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया में परीक्षा के दौरान लाइव वीडियो और फोटो के माध्यम से किसी अन्य की जगह परीक्षा देने वाले व्यक्ति को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग और बायोमीट्रिक डिवाइस से परीक्षार्थियों का ऑनलाइन




वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया गया है।

### 16 केंद्रों में किया गया सफल प्रयोग

सीजीपीएससी की 2021 की परीक्षा में भाई-भतीजावाद के आरोप लगने के बाद पीएससी ने यह तरीका अपनाया है। इसका पहला प्रयोग परिवहन विभाग की उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में एक सितंबर को 16 केंद्रों में किया जा चुका है, जो सफल रहा। बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, सचिव जीवन किशोर ध्रुव समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ गड़बड़ी करने के आरोप में सीबीआई जांच चल रही है।

### परीक्षा में ऐसे काम करेगी एआई तकनीक

एआई आधारित तकनीक से उपस्थित अभ्यर्थी की परीक्षा कक्ष में खींची गई तस्वीर और अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजयुमो सरगुजा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर बने छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। इन दिनों आयोग और मंडलों में नियुक्तियों का दौर जारी है। इस बीच राज्य सरकार ने आदेश जारी कर राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर को बनाया गया है। बता दें कि विश्व विजय सिंह तोमर लगातार संगठन से जुड़कर काम कर रहे हैं। विजय सिंह अभी वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा के जिलाध्यक्ष हैं। इस बीच राज्य शासन ने उन्हें राज्य युवा आयोग अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

## सौम्या चौरसिया को राहत : सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ दी अंतरिम जमानत, लेकिन फिलहाल जेल में ही रहेंगी



रायपुर। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाले में लंबे समय से जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पूर्व ओएसडी सौम्या चौरसिया को बड़ी राहत दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुको ने सौम्या चौरसिया को सर्शत अंतरिम जमानत दी है। हालांकि एसीबी-ईओडब्ल्यू में दर्ज प्रकरणों की वजह से उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

मिली जानकारी के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्ष्ट ने सौम्या चौरसिया को सर्शत अंतरिम जमानत दी है। जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कई कड़ी शर्तें लगाई हैं। इनमें प्रमुख शर्तों में सौम्या को छत्तीसगढ़ सरकार बहाल ना करें, सौम्या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगी। ट्रायल कोर्ट के सामने पेश होती रहेंगी। पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट के पास जमा रहेगा, बिना कोर्ट की अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगी। जस्टिस सूर्यकांत, और जस्टिस उज्जवल भुईयां की पीठ में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सौम्या के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि, यह जमानत सौम्या को ईडी में दर्ज प्रकरण पर मिली है। एसीबी और ईओडब्ल्यू में दर्ज प्रकरणों पर हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। जिस पर जल्द सुनवाई हो सकती है।

### 21 माह से जेल में बंद है सौम्या चौरसिया

उल्लेखनीय है कि, राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया निलंबित ब्रूस समीर बिश्नोई, रानू साहू और दो साल से जेल में हैं। कोयला लेवी के मामले में ईडी ने सबसे पहले आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारे थे। इसी छापे में समीर बिश्नोई, रानू और सौम्या तीनों की संलिप्तता का पता चला था। कड़ी दर कड़ी जांच बढ़ती चली गई और आरोपियों पर ईओडब्ल्यू में भी कोयला और आय से आधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज हुआ है।

### करीब 500 करोड़ का हुआ है स्कैम

छत्तीसगढ़ में ईडी ने कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जितिया पर्व में स्नान करने के दौरान 25 लोगों की डूबकर मौत



पटना। बिहार में औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सारण, सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर जिले में बुधवार को जितिया पर्व के अवसर पर स्नान करने के दौरान 25 लोगों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार औरंगाबाद जिले में आठ, पूर्वी चंपारण और सारण जिले में पांच,पश्चिम चंपारण में दो, तथा सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर जिले में एक-एक लोगों की डूबकर मौत हो गयी।

छपरा से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर और टेहटी गांव में दो बच्चों की नदी डूबकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान ओल्हनपुर गांव निवासी जगलाल राय का पुत्र रिक्की कुमार (14) और टेहटी गांव निवासी राजनाथ राय की पुत्री आरती कुमारी (07) के रूप में हुई हैं। वहीं जिले के तरैया थाना क्षेत्र के माधोपुर बड़ा गांव स्थित तालाब में स्नान करने के दौरान शुभ नारायण यादव की पुत्री प्रिया कुमारी (14) की डूबकर मौत हो गयी है।

# कांग्रेस में सर्जरी की कवायद : मोर्चा, संगठन और विभागों में होगा बड़ा बदलाव



रायपुर(दावा)। 15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2018 में छत्तीसगढ़ की सत्ता में आई कांग्रेस दिसंबर 2023 में सत्ता से बाहर हो गई। इसके ठीक 6 महीने बाद आए लोकसभा चुनाव के परिणामों में भी कांग्रेस को झटका लगा। पार्टी 2019 में जीती हुई 2 में से एक सीट इस चुनाव में हार गई। छत्तीसगढ़ की 11 में से कांग्रेस केवल 1 लोकसभा सीट ही जीत पाई। इन हारों के बीच पार्टी में अंतर्कलह बढ़ गया है। पार्टी के कई समर्पित नेता और कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पार्टी में फिर हताशा का माहौल है।

इस बीच इस साल के अंत में राज्य में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। कांग्रेस इन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करके फिर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाना चाह रही है। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में प्रदर्शन बेहतर करने के लिए पार्टी सुधार की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसकी शुरुआत संगठन में बदलाव से करने की योजना है। पहले चरण में पार्टी के मोर्चा, संगठन और विभागों में बदलाव होगा।

पार्टी नेताओं के अनुसार सबसे पहले निष्क्रिय और केवल बड़े नेताओं के आशीर्वाद के दम पर कुर्सी पर बैठे नेताओं की छुट्टी की जाएगी। उनके स्थान पर परफार्मेंस के आधार पर नए चेहरों को जिम्मेदारी दिए जाने के संकेत हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रकोष्ठों और विभागों में नई नियुक्तियां करने पर जोर दिया गया है। इससे पहले संगठनात्मक आंदोलनों में भी परफार्मेंस का आकलन किया जाएगा। इधर मोर्चा संगठनों में भी महिला कांग्रेस और एनएसयूआई में भी बदलाव की चर्चा है।

नियुक्तियों के लिए संगठन की ओर से प्रस्ताव तैयार कर एआईसीसी को भेजा गया है। मोर्चा संगठनों में महिला कांग्रेस में नए अध्यक्ष को लेकर तलाश पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके लिए क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों का संतुलन बनाने की कोशिश हो रही है। संगठन के रणनीतिकारों का मानना है कि महिला कांग्रेस में एक तेज तर्रार नेतृत्व की जरूरत है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कुछ महिला नेत्रियों की नामों पर विचार किया गया है। इनमें राज्य के 5 संभाग की महिलाएं शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# स्वच्छता पखवाड़ा में स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के लिये हर वर्ग में उत्साह

**पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था ने मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर की किये सफाई**



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता पखवाडा के तहत नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं समाजिक संस्था स्व स्फूर्थ हो कर जुड रहे है और स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज शहर की सेवाभावी संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियो ने निगम द्वारा मॉ पाताल भैरवी मंदिर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड मंदिर परिसर में साफ सफाई किये।

स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, समाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्वस्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। आज मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर के स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रम दान कर साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी कचरा उठाये। समिति के अध्यक्ष मयंक शर्मा ने अभियान में कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, स्वच्छता अभियान के प्रणेता महात्मा गांधी थे, उन्हीं की याद में उनकी जयंती तक स्वच्छता पखवाडा चलाया जाता है, उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षो से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग स्व स्फूर्थ होकर जुड रहे है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी आ रही है। हमारी संस्था सार्वजनिक स्थलों, तालाबों के किनारे, उद्यानों में सफाई अभियान चलाती है। उन्होंने सभी को स्वच्छता अभियान से जुडने का आग्रह किया।

श्रमदान में आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुये कहा कि अपने अपने घर व प्रतिष्ठान के आस पास साफ सफाई रखे, कचरा डस्टबीन में डाले, सुखा एवं गीला कचरा अलग अलग रखे, कचरा नाली में न डाले एवं अपने शहर को स्वच्छ व साफ रखने स्वच्छता अभियान से जुडे और लोगों को भी जोड़े।

स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के संयोजक श्री निकुंज सिंघल सहित पदाधिकारी सर्वश्री सूरज गुप्ता, विनय साहू, राकेश साहू, मनीष यादव, सौरभ खण्डेलवाल, सागर अग्रवाल, श्रीमती मौसमी शर्मा व श्रीमती ममता शर्मा के अलावा वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व वार्ड पार्षद गगन आईच, निगम के स्वच्छता के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके तथा सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# ड्राईंग ग्रेड परीक्षा-2024 शुरु



राजनांदगांव(दावा)। डायरेक्ट्रेट ऑफ आर्ट मुंबई के निर्देशन में 25 सितंबर 2024 से 28 सितंबर तक ड्राईंग ग्रेड परीक्षा स्थानीय स्टेट हाईस्कूल राजनांदगांव में आयोजित है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में पूरे भारत में कुल 971 केन्द्रों में आयोजित हो रही है। इस परीक्षा के माध्यम से परीक्षार्थी एलिमेंटरी ग्रेड परीक्षा एवं ईंटरमिडियेट ग्रेड परीक्षा देते है। परीक्षार्थी को कुल चार प्रश्नपत्र यथा स्टील लाईफ, मेमोरी ड्राईंग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर प्रश्न हल करने होते है।

विदित हो स्टेट हाईस्कूल का परीक्षा केन्द्र छ.ग. राज्य का एक मात्र परीक्षा केन्द्र है जहाँ से परीक्षार्थी शामिल होते है, यह केन्द्र लगभग 75 वर्षो से संचालित है। जिसमें पूरे राज्य के कलाकेन्द्रों के माध्यम से परीक्षार्थी शामिल किए जाते है। इस वर्ष दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र, एफ.ए.सी.ई. भिलाई, नूतन कला संगम रायपुर, ताम्रकार ड्राईंग दुर्ग, विनायक फाइल आर्ट राजनांदगांव, यामिनी कला केन्द्र राजनांदगांव एवं कवर्धा ड्राईंग क्लासेस के माध्यम से कुल 142 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

इस वर्ष सर्वाधिक परीक्षार्थी शामिल करने वाला केन्द्र यामिनी कला केन्द्र के संचालक रीतेश देवांगन को केन्द्राध्यक्ष एस.एस. पट्टा ने बधाई दी एवं शुभकामनाओं के साथ-साथ सभी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा उपरांत प्राप्त होने वाला प्रमाण पत्र ग्रेडींग प्रणाली से प्राप्त होता है, जो कि शासकीय-अशासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में रोजगार देने में सहायक होता है। मानचित्रकार एवं ड्राईंग शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। प्राचार्य एस.एस.पट्टा ने सभी परीक्षार्थी को परीक्षा में सफल होने हेतु शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी शाला के प्रभारी ड्राईंग शिक्षक सुनील भागवत ने दी।

## पहला कॉलम...

### शुभांगी गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदभार किया ग्रहण



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2022 बैच की शुभांगी गुप्ता ने नवीन जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में डिप्टी कलेक्टर पद का पदभार ग्रहण किया है। आपको बता दे की शुभांगी गुप्ता सीजीपीएससी 2022 में 5वां रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद में चयनित हुई। इससे पहले इनका चयन संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा ष्त्रह्य में भी हुआ था। शुभांगी गुप्ता ने अपनी शिक्षा बीटेक कम्प्यूटर साइंस में किया है। वे रायपुर में रहकर अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण की। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की रहने वाली शुभांगी गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अंबिकापुर में कार्मेल स्कूल से पूर्ण किया। उनके पिताजी हरिनारायण गुप्ता अंबिकापुर में निजी क्षेत्र में व्यवसायिक कार्य करते हैं।

### आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला एवं मंडल कार्य समिति

**प्रदेश अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर होंगे बैठक में शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के निर्देश में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला एवं मंडल कार्य समिति बैठक एवं भाजपा सदस्यता अभियान किया जायेगा। जिसमें मुख्यरूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रभारी श्रीमती तुलसी साहू, राजनांदगांव जिला के प्रभारी जगदीश देशमुख और राजनांदगांव भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मुख्यरूप से उपस्थित रहेगे। बैठक संचालन जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने, दिलीप साहू करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में आहुत किया गया है।

### ग्रामसभा की बैठक 2 अक्टूबर से

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत 2 अक्टूबर से ग्राम सभा की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा आयोजन करने के लिए एक समय-सारणी तैयार करने कहा है, ताकि एक ही तिथि में किसी ग्राम पंचायत के एक से अधिक आश्रित ग्राम में ग्राम सभा के आयोजन नहीं हो। इस व्यवस्था से सरपंच, सचिव एवं अन्य अधिकारी ग्राम सभा की बैठक में आसानी से उपलब्ध रह सके। कलेक्टर ने ग्रामसभा में बिन्दुवार विशेष रूप से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं।

# विधायक ने प्राकृतिक आपदा में प्रभावित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की



डोंगरगढ़ (दावा)। बीते सोमवार 24 सितंबर को ग्राम पंचायत जोरातराई मनगटा में अचानक प्राकृतिक आपदा बिजली गिरने से बच्चे सहित 8 लोगो की अकस्मात मृत्यु हो गई। इस दुखद घड़ी में मृतकों को श्रद्धांजलि देने एवं परिजनों को ढांढस देने डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल मृतकों के गृह ग्राम पहुंचकर क्षेत्रवासियों की ओर से संवेदना व्यक्त की।

श्रीमति बघेल बुधवार को मृतकों के गृह ग्राम तिलई, ग्राम बोरी, ग्राम मनगटा, ग्राम जोरातरई जाकर मृतकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और मौन धारण कर परिवारजनों को इस दुख के घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान की कामना की। साथ ही भविष्य में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, परमानंद साहू, बैद्यनाथ यादव, हेमचंद यादव, चमन सिन्हा, त्रिवेणी सिन्हा, कोदुराम साहू, राजेश धनकर, घनश्याम साहू, परशुराम साहू. निम्बू चंद साहू, संतोष कुमार देवांगन, अजय कुमार साहू. गुलाल राम साहू. गौतम सेन, साफिल् खान, डोमा देवांगन, नारायण देवांगन. रोहित खरे. कुंदन देवांगन, दानी वर्मा, दिनेश देवांगन एवं समस्त ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंत्योदय के सिद्धांत पर ही भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई- संतोष अग्रवाल



राजनंदगांव(दावा)। भाजपा एवं जनसंघ के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर आज प्रत्येक बूथ में 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करके भाजपा नेतागण प्रत्येक बूथों पर एकत्रित हुए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इसी परिपेक्ष में जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह बूथ नंबर 51 एवं 52 में सदस्यता अभियान के तहत पंडित दीनदयाल की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संतोष अग्रवाल ने कहा कि सुविधाओं में पलकर सफलताओं को चूमना बहुत सरल होता है, परंतु विपरीत स्थिति में संघर्ष करते हुए सफलता को प्राप्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को जयपुर के निकट ग्राम धनक्या में अपने नाना चुन्नीलाल शुक्ला के घर हुआ। दीनदयाल जी के पिताजी पिता भगवती प्रसाद ग्राम नगला जिला मथुरा उत्तर प्रदेश के निवासी थे। 3 वर्ष की अवस्था में ही उनके पिताजी तथा 8 वर्ष की अवस्था में माता जी का देहांत हो गया। अतः दीनदयाल का पालन रेलवे में कार्यरत उसके मामा ने किया सदा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते थे, कक्षा 8 में उन्होंने अलवर बोर्ड मैट्रिक में अजमेर बोर्ड तथा इंटर में पिलानी में सर्वाधिक अंक पाए थे। श्री अग्रवाल ने बताया की 14 वर्ष की आयु में उनके छोटे भाई शिवदयाल का देहांत हो गया 1939 में उन्होंने सनातन धर्म कॉलेज कानपुर में प्रथम श्रेणी में बीए पास किया यही उनका संपर्क संघ के उत्तर प्रदेश के प्रचारक भाऊ राम देवराज से हुआ इसके बाद में संघ की ओर खींचते चले गए।

संतोष अग्रवाल ने बताया कि संघ से जोड़ने के बाद दीनदयाल उपाध्याय ने पूरे देश की स्थिति को अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने को मजबूर कर दिया। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत ही कार्य कर रहा है।

### डिजिटल माध्यम से सैकड़ों सदस्य बनाए गए

आज बूथ नंबर 51 एवं 52 में सैकड़ों सदस्यों ने भाजपा की नीति से प्रभावित होकर सदस्य बने एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर ने भी भाजपा की नीति एवं देश की व्यवस्था में भाजपा की उपयोगिता पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया, इसके बाद कई युवाओं ने सदस्य बनाने की जवाबदारी भी ली। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज बूथ नंबर 51 एवं 52 में लगाए गए सदस्यता पंडाल में वार्डवासियों की अच्छी उपस्थिति देखी गई, कई लोग स्वयं भाजपा का सदस्य बनने हेतु सामने आए। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश यादव, मुन्ना नशीले, विनोद श्रीरंग, दक्षिण मंडल प्रभारी रवि सिन्हा एवं धर्म उके उपस्थित थे।

# पुलिस ने अपहत नाबालिक बालिका को किया बरामद




**टिकरापारा रायपुर से पकड़ा गया आरोपी साहिल सूर्यवंशी**

राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की अपहत नाबालिग बालिका को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया है। पुलिस ने उक्त अपहत नाबालिग बालिका को रायपुर के टिकरापारा से आरोपी साहिल सूर्यवंशी के कब्जे से बरामद किया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि उक्त अपहत नाबालिग बालिका के संबंध में प्रथम सूचना पत्र रजिस्टर होने के पश्चात पुलिस द्वारा अपहत बालिका एवं संदेही आरोपी की रायपुर, गुंडरदेही धमतरी आदि जगहों में लगातार तलाश जारी था। वहीं सीसीटीव्ही फुटेज व काल डिटेल का अवलोकन भी किया जा रहा था।

बताया गया कि अपहरण के आरोपी साहिल सूर्यवंशी पिता बृजभान सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष निवासी क्लब चौक पकड़कर को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए श्री देवांगन ने बताया कि प्रार्थिया द्वारा दिनांक 20 सितंबर को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी बड़ी लड़की गत 19 सितंबर की रात मे करीबन 8 बजे के आसपास खाना खाने के बाद घर से बिना बताये निकली है, जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आयी है। प्रार्थियों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया।

इस दौरान 24 सितंबर को टिकरापारा रायपुर से अपहत नाबालिक बालिका की आरोपी के पास से बरामदगी की गई और पंचनामा तैयार कर आरोपी साहिल सूर्यवंशी को थाना बसंतपुर लाकर अपहत बालिका से पूछताछ करने पर बालिका द्वारा बताने आरोपी द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार किया गया, जिस पर प्रकरण में धारा 64 बीएनएस एंव 4 पास्को एक्ट जोड़कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी श्री देवांगन सहित सउनि मनमोहन साहू, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम की भूमिका सराहनीय रही ।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल किड्स कान्वेंट में जज श्री हेमंत रात्रे (सेक्रेटरी ऑफ़ जिला विधिक अधिकारी) द्वारा शाला के विद्यार्थियों को विधिक सलाह एवं नियमों की जानकारी दी गई जिसमें श्री रात्रे ने बच्चों को निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया।

बच्चों को एफआईआर की जानकारी दी गई, अनुच्छेद 26 और अनुच्छेद 32 के आपराधिक मामलों के बारे में समझाया गया। अवैध संबंध, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, लैंगिक अपराध आदि के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई, घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों को कैसे सुलझाया जाए और महिला एवं बाल विकास अधिकारी से मिलकर कैसे सॉल्यूशन निकाला जाए, ड्राइविंग ज्ञान आर. सी. ड्राइविंग लाइसेंस बीमा सजा आदि के बारे में समझाया गया और अंत में ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस तरह इन सारे उपयोगी नियमों को बच्चों ने सीखा श्री रात्रे ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि किस तरह वे अपने अधिकारों का उपयोग कर कर्तव्य का पालन कर सकते हैं बच्चों ने बहुत महत्वपूर्ण ज्ञान ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने विधिक नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की यह कार्यक्रम हमारे बच्चों के लिए बहुत उपयोगी रहा। इस अवसर पर रॉयल किड्स परिवार हमारे विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता की जानकारी देने के लिए हेमंत रात्रे के लिए आभार प्रदर्शित करते हैं।

# विधायक प्रतिनिधि का दायित्व अब महेंद्र वैष्णव को



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू ने डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में युवा नेता महेंद्र वैष्णव को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है. जारी विज्ञप्ति के अनुसार महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर नजर बनाए रखने, समय-समय पर जानकारी रखने, विद्यार्थियों की सहायता हेतु युवा पीढ़ी के पसंदीदा महेंद्र वैष्णव को डोंगरगांव कॉलेज में भेजकर विधायक साहू ने युवाओं को उत्साहित कर दिया. महेंद्र वैष्णव के प्रतिनिधि नियुक्त होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू, हीरा निषाद, टिकेश साहू, ललित लोढ़ा, सुयश नाहटा, विरेंद्र बोरकर, अखिलेश नखत, संजय मुटकुरे, रोशन यदु, रजत साहू, सद्दाम खत्री, किशोर बोहरा, सतीश वैष्णव, मोहन अय्यर, संजय संचेती, भगत कोर्राम, अशोक मालेकर, प्रियंक जैन, वैशाली बोरकर, दीपक देवांगन, रूखमणी साहू, शांति साहू, शेरू खान, श्रुति शुक्ला, संध्या साहू, विशाल सोनी, शशांक खोबरागड़े, राकेश साहू, रितेश राजपूत, प्रदीप रत्नाकर, उमाशंकर वर्मा, अनिल कसेर एवं समस्त कांग्रेस परिवार डोंगरगांव ने शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की है.

# जिले के स्काउटर शामिल हुए राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर में

राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर 2024 का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया। स्काउटर जिला प्रभारी नीलकंठ ध्रुवे के नेतृत्व में जिले के 20 स्काउटर शिविर में शामिल हुए। राज्य स्तरीय जांच शिविर में सफल प्रतिभागियों को राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। साथ ही बोर्ड परीक्षा में पात्रताधारी सफल प्रतिभागियों को 10 अंक बोनस भी माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रदान किया जाता है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
247-3 248-4
राजधानी
3-6-8
568-9 578-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय नगर पंचायत-छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

Phone No. 07745-264263 email: npchhurlya@gmail.com

क्रमांक/676 / लो.नि.वि./न.पं./2024-25 छुरिया, दिनांक 23/09/2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत छुरिया के वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसरंचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड/आर.सी.सी. नाली/भवन निर्माण/सौंदर्यीकरण/ ट्यूबलर पोल कार्य के लिये निविदा प्रपत्र-ए में सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति के द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के लिये प्रचलित लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क एसओआर 2015 एवं बिजली एसओआर 2020) से प्रभावशील एवं सूचना जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची से निविदाएं प्रतिशत निविदा दर (कम/अधिक) पर निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड/आर.सी.सी. नाली/भवन निर्माण/शेड निर्माण /चौक सौंदर्यीकरण /ट्यूबलर पोल विस्तार कार्य। **कुल कार्य संख्या -11 कार्य** | 130.21 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07/10/2024 शाम 04.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 08/10/2024 शाम 04.00 बजे तक |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकती है। तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTender Uploader पर अवलोकन किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत-छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार गंडई जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

ग्राम-गंडई प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. गंडई

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार अग्रवाल पिता कांशी प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी गंडई तहसील गंडई जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी अधिनियम 1934 (क्रमांक 13 सन 1934) की धारा 11 बी (एक) के अधीन साहूकारी लायसेंस हेतु आवेदन पत्र मय स्टाम्प, पेनकार्ड, आधार कार्ड, आयकर रिर्टन की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएवं आवेदक को 01 वर्ष के लिये साहूकारी लायसेंस जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार कि कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22/10/2024 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

जारी दिनांक 23/09/2024
पेशी दिनांक 22/10/2024

**तहसीलदार गंडई**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.202409093700035
अ-6 अ वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनीकांत राठौर आ. रमेश राठौर निवासी-अग्रसेन भवन के सामने, भरकापारा, जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रं. 47 डी, भूखण्ड क्रमांक 159, क्षेत्रफल 170.00 वर्गमीटर जो धारकगण लक्ष्मीनारायण आ. सत्यनारायण सिंह, सरस्वती, कविता आ. स्व. तुलाराम सिंह, जाति मैथिल क्षत्री, निवासी-भरकापारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 10.10.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी,**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में




समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत, संगीत मय फिल्म
मौरिषा फिल्मस प्राडक्शन प्रस्तुत
**तोर मया म सजनी**
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -परम टुन्ड्रा, बिन्दू आदि।
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd SEP to 26th SEP 2024
silver SCREEN




Ardaas Sarbat De Bhale Di (Punjabi) - 06:15 and 09:15 pm
Yudhra - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Transformers One - 12:30 and 03:30 pm
Kahan Shuru Kahan Khatam - 12:15 pm
Stree 2 - 03:15, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# ऑक्सीजोन में धड़ल्ले से रेत खुदाई चालू, आक्सीजोन के बर्बाद होने की आशंका



**आक्सीजोन को बचाने के लिए कलेक्टर से गुहार**

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह के विशेष पहल पर प्रशासन द्वारा शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ तट पर स्थित आक्सीजोन के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां के वृक्षों की कटाई व इस इलाके से रेत खनन पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद भी आक्सीजोन क्षेत्र में रेत खनन व ढुलाई का कार्य धड़ल्ले से जारी है। आक्सीजोन पर विशेष कर नजर रखने वाले भंवरमरा के ग्राम वासियों ने रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा है। बताया जाता है कि रेत माफिया आक्सीजोन क्षेत्र से धड़ल्ले के साथ रेत उत्खनन कर रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त रेत माफिया की एक गाड़ी पहले ही जप्ती में लालबाग खाने में खड़ी है।

इधर नदी से बरसात का पानी नीचे उतर भी नहीं पाया है, रेत माफिया ने अपने इरादों को जाहिर करते हुए फिर से दूसरी गाड़ी लगाकर रेत की खुदाई चालू कर दी। गांव वालों के संज्ञान में आने पर गाड़ी का पीछा किया गया, पीछा किए जाने का अंदेशा होने पर ट्रैक्टर ड्राइवर ने ट्रॉली को छुपाने के उद्देश्य से सुमित मंडी मॉल के कचरा डंप एरिया में गाड़ी ले जाकर भाग खड़ा हुआ। बता दें कि आक्सीजोन क्षेत्र ग्राम भंवरमरा पंचायत के अंतर्गत आता है। वहां के पंच मनोज साहू, भावेश कुमार, दिनेश, युगल किशोर साहू आदि ने बताया कि रेत भरकर जा गाड़ी को लोगों ने पकड़ा। पूछे जाने पर नर्सरी से लाने की बात कही गई। लेकिन आक्सीजोन क्षेत्र से निकल रही गाड़ी को लोगों ने देखा लिया था। पीछा किया गया तो ड्राइवर ने चोरी छूपाने के उद्देश्य से ट्राली को सुमीत मंडी माल के कचरा खाने एरिया में गाड़ी खड़ी कर भाग गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन तथा दबाव के चलते, कलेक्टर श्री अगवाल के निर्देश पर गाड़ी की जप्ती बनाई गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि लोगों के लिए शुद्ध हवा की प्राप्ति व शिवनाथ नदी तट पर की प्राकृतिक हरीतिमा का लाभ लेने के लिए बनाए गए आक्सीजोन को बर्बाद होने से बचाया जाए। अवैध रेत उत्खनन करने वालों से इस प्राकृतिक दृश्यों वाले क्षेत्र को बरबाद न होने दिया जाए।

# सुबह जमकर बरसे बदरा, फिर भी नहीं जा रही उमस



**बारिश में शहर की सड़कों में जल-जमाव लोगों की आवाजाही में हुई परेशानी**

राजनांदगांव(दावा)। बुधवार की सुबह जब चारो तरफ आसमान साफ नजर आ रहा था ऐसे में न जाने कहा से बादल आकर जमकर बारिश की तो चारो ओर पानी ही पानी हो गया। बारिश से शहर की जर्जर सड़कों में जल जमाव हो गया जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। कृषि मंडी बसंतपुर के सामने तो सड़क का बूरा हाल रहा। गड्ढो से भर सड़क पर लोगों को आवागमन करना दुष्कर साबित हो रहा था। मंडी गेट के सामने खुले पड़े नाले में कचरे का जमावड़ा है। बारिश का पानी पड़ने से उससे दुर्गंध उठ रही है।

बता दे कि बुधवार की सुबह अचानक हुई बारिश से लोगों को सिर छुपाने के लिए जगह तलाशनी पड़ी।यह समय श्रमिकजनों के काम में जाने के समय था लगभग एक घंटे तक हुई बारिश से लोग जहां के तहां ठहर गए। कई लोगों ने तो काम में जाना ही स्थगित कर दिया लगभग 11 बजे के आसपास पानी के थिरने पर लोगों की आवाजाही शुरू हुई।

बता दे कि पिछले एक-दो दिन से बारिश के आसार देखे जा रहे थे। कभी कभार हल्की फुल्की बारिश हो रही थी इसके बाद भी उमस जाने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार की सुबह अच्छी बारिश होने के बावजूद उमस का माहौल बना हुआ है। लोक चिपचिपी गर्मी से बहुत ज्यादा परेशान है। इससे ऐसा लगता है कि बारिश का अभी और होना बांकी है। मानसून की बिदाई की बेला मौसम विभाग ने बता दिया है कि मानसून वापिसी की राह में है। उसकीद बिदाई का समय आ गया है लेकिन जाते-जाते पानी दमोर कर जाना चाहता है। इससे बच्चे भी गा उठ रहे है-,,,पानी दमोर दे... नागर बइला बोर दे ... । बहरहाल मानसून की बिदाई बेला में बरस रही बदरा से किसानों को फायदा है। धान फसल के गर्भावास में जाने से खेतों को एक सरवर पानी की जरूरत है जिससे धान की फसल पोटरा सके। मौसम विभाग अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून इस बार 23 सितम्बर को पश्चिमी राजस्थान के कच्छ व इसके कुछ हिस्सों से लौट गया है। इसके अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों तथा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के आसपास के अलाकों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापिसी का परिस्थितियां अनुकुल बनी हुई है। खाड़ी पर दबाव का क्षेत्र मौसम विज्ञानी एसआर चन्द्रा ने बताया कि पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र बनने से बारिश की स्थितियां बन रही है। विभाग द्वारा आगामी सप्ताह के दौरान पूर्व आर उत्तर भारत में अत्यधिक बारिश का अनुमान जताया गया है। बता दे कि 23 सितम्बर की रात रायपुर क्षेत्र में अच्छी-खासी बारिश हुई लेकिन राजनांदगांव जिले में भी गर्जन-तर्जन के साथ बारिश हुई लेकिन बहुत ज्यादा नहीं था दोपहर के समय हुई बारिश के साथ बिजली गिरने से सोमनी थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों सहित कुछ ग्रामीण इसकी चपेट में आ गए जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मौसम विभाग ने 25 सितम्बर यानि कि बुधवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से लेकर मध्यम वर्षा होने या फिर गरज-चमक के साथ छीटे पडने की संभावना जताई थी। उक्त अनुमान के अनुसार बुधवार की सुबह राजनांदगांव में अच्छी बारिश हुई। बहरहाल अच्छी बारिश होने के बावजूद उमस का माहौल अभी भी बना हुआ है।

# राजनांदगांव और पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक संबंधों का मृणाल चौबे ने पंजाब में किया जिक्र

**सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता' में पंजाब की टीमों की भागीदारी को बताया महत्वपूर्ण**



राजनांदगांव (दावा)। पंजाब सरकार के द्वारा पंजाब प्रान्त में खिलाड़ियों के कौशल की पहचान करने व खेल समर्थक माहौल बनाने के उद्देश्य से खेल विभाग के द्वारा पंजाब खेल मेले 'खेडा वतन पंजाब दियां' का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे पंजाब के पटिआला शहर में हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवं पुरुस्कार वितरण समाहरोह मे सम्मिलित हुए।

14 से कम आयु वर्ग से लेकर 70 वर्ष तक के लोगों के लिए आयोजित की जा रही। इस खेल प्रतियोगिताएं मे मुख्य अतिथि मृणाल ने पंजाब सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा की पंजाब खेलो के गढ़ के नाम से पुरे विश्व मे प्रसिद्ध है, इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज करने के साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों को स्वस्थ रखने एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ने के कारण राज्य के उदयमान खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस गरिमामय आयोजन मे उपस्थित अतिथियों को मृणाल ने अपने शहर राजनांदगाँव और पंजाब के खिलाड़ियों के बिच महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के माध्यम से बने मजबूत रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा की राजनांदगाँव के इस विश्व प्रशिद्ध अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता मे पंजाब की प्रतिष्ठित टीमें भाग लेती है और राजनांदगाँव शहर के खेल प्रेमी जनता का अपार स्नेह एवं सराहना पंजाब के खिलाड़ियों को प्राप्त होता है। अपने उद्बोधन मे मृणाल ने पंजाब के खिलाड़ियों का भारतीय हॉकी टीम के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा की यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने के साथ साथ खेल मे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाने और राज्य के बच्चों से लेकर पंजाब की छिपी हुई खेल प्रतिभा को निखारने मे मददगार साबित होगी। साथ ही मृणाल ने देश मे हॉकी इंडिया के द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की प्रशंशा करते हुए बताया की हॉकी इंडिया के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा हॉकी के उत्थान के लिए किये गए कार्य से छत्तीसगढ़ राज्य के हॉकी खिलाड़ी भी नित नई उचाईयो एवं उपलब्धियों को प्राप्त कर रहे है।

# सड़क के गड्ढों को लेकर कांग्रेसियों ने सौपा ज्ञापन, जल्द ही सुधार नहीं करेंगे तो करेंगे उग्र आन्दोलन

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ नगर के प्रमुख मार्गों एंव नगर के विभिन्न वार्डो के सडक पर जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है जिससे लगातार मोटर सायकल चालक एवं सायकल चालक सहित स्कूल में पढने वाले छात्र-छात्राओं को दुर्घटनाओं से चोटें आ रही है। नगर के इतवारी बाजार धमधा जाने का मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढे हो गये है, साथ ही धरमपुरा पहुंच मार्ग में भी गढ़्ढ़ों का मार्ग लगा हुआ है, दाऊचौरा पुल पर भी बड़े-बड़े गढ्ढे हो गये है।



किल्लापारा मोड पर भी गढ्ढा क्या विभाग बड़े दुर्घटना का इंतजार कर रहे है। किल्लापारा के गढ्ढे पर भी एक छात्रा की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। नगर के विभिन्न वार्डो के प्रमुख मार्ग एवं गलियों पर भी बड़े-बड़े गढ़्ढे हो गये है लोक निर्माण विभाग को कई बार मौखिक तौर पर उक्त गढ्ढे को मरम्मत करने के संबंध में निवेदन किया गया है, परन्तु लोक निर्माण विभाग के उदासीनता के चलते खैरागढ़ के शहर के मार्ग के मरम्मत को लेकर पूरी तरह से लापरवाह नजर आ रहे है।

आगामी माह में उक्त प्रमुख मार्गो से नवरात्रि होने के कारण पैदल यात्री भी मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने डोंगरगढ़ बडी संख्या में जायेगे तथा उक्त मार्ग से लगातार दो पहिया, चार पहिया वाहनों का आवाजाही और बढ़ेगी जिससे उक्त मार्ग पर हुए गढ़्ढों से बड़ी दुर्घटनाएं होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है. परन्तु लोक निर्माण विभाग शहर सड़कों के खस्ताहाल पर आंख बंदकर ऑफिस में आराम फरमा रहे है और सड़कों की मरम्मत पर किसी गड्ढ़ों पर किसी बड़ी घटना घटने का इंतजार कर रहे है, ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आमजनों में लोक निर्माण विभाग के प्रति गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के विभिन्न सडको व गड्ढ़ो का मरमत नहीं किया गया। तो लोक निर्माण विभाग के विरूद्ध उग्र आंदोलन किया जायेगा।

ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसियों में मुख्य रूप से मनराखन देवांगन, अरुण भरतद्वाज, विप्लव साहू, रज्जाक खान, पुरसोत्तम वर्मा, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह, नदीम मेमन, यतेंद्रजीत सिंह,फ्लास सिंह, समीर कुरैशी, दिलीप लहरे, महेश यादव, राधेश्याम यादव, राजा सोलंकी, अजय देवांगन, अनाराम सिमकर, राधे पटेल, दयाराम पटेल, शत्रुघन लहरे अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा के निर्देश अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रुप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसी परिपेक्ष में दिन बुधवार 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सुबह 7 बजे कमला कॉलेज सृष्टि कॉलोनी के पास रखा गया। सभी प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी एवं मंडल के सभी पदाधिकारीगण पार्षद साथी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के भाई बहनों उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान जिला संयोजक शिव वर्मा, सेवा पखवाड़ा अभियान जिला संयोजक मूलचंद लोधी, वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद गगन आईच, दक्षिण मंडल स्वच्छता अभियान संयोजक हकीम खान आदि उपस्थित थे।

# 18 एकड़ एसएलआरएम सेन्टर का किया गया निरीक्षण



**सेन्टर की गतिविधियों की कलेक्टर ने की सराहना**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस लाईन 18 एकड स्थित एसएलआरएम सेन्टर का आज कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के साथ निरीक्षण कर सेन्टर की गतिविधियों के संबंध में आयुक्त अभिषेक गुप्ता से जानकारी लेकर स्वच्छता दीदीयों से रूबरू हुये।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर सुपरवाईजर एवं स्वच्छता दीदीयों से रूबरू हो सेन्टर की गतिविधियों में घर-घर कचरा संग्रहण की जानकारी के साथ-साथ कचरा संग्रहण के घरो की संख्या, यूजर चार्ज की वसूली, सेन्टर में कचरा पृथककरण एवं खाद बनाने की स्थिति के बारे में पूछा। सेन्टर सुपरवाईजर ने जानकारी दी कि इस सेन्टर में दो वार्ड 18 व 19 नम्बर वार्ड का कचरा संग्रहण किया जाता है, जिसमें लगभग 15 सौ घर है, जिससे प्रतिदिन कचरा संग्रहण स्वच्छता दीदीयों द्वारा किया जाता है, गिला कचरा को कम्पोस्ट पीठ में डालकर खाद बनाया जाता है तथा सूखा कचरा झिल्ली, पन्नी पुठ्ठा, प्लास्टिक आदि का बंडल बनाकर रखा जाता है और उसे माह में बेचा जाता है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रतिदिन निर्धारित समय तक कचरा संग्रहण कर, कचरे को सोर्स पर ही पृथक करे और शत-प्रतिशत युजर चार्ज की वसूली करें तथा आय बढ़ाने कार्य करे। साथ ही नागरिकों को घर से ही कचरा अलग-अलग कर देने समझाईस देवें। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने कबाड से जुगाड़ तथा डब्बा, प्लास्टिक बाटल आदि अनुपयोगी वस्तुओं से बनाये कलाकृति देख प्रसन्नता जाहिर किये और सेन्टर को साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने पर सराहना की। आयुक्त श्री गुप्ता ने कलेक्टर महोदय को जानकारी दिये कि निगम सीमाक्षेत्र में 17 एसएलआरएम सेन्टर है, जहॉ आसपास के वार्डो का कचरा संग्रहित कर पृथककरण किया जाता है, ज्यादा कचरा एवं शहर के अन्य कचरा को नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड भेजते है, जहॉ कचरा छटनी कर गिला कचरा को कम्पोस्ट मशीन से खाद बनाया जाता है और उसका विक्रय किया जाता है। इसी प्रकार सुखा कचरा का बंडल बांधकर उसे सीमेंट फैक्ट्री में विक्रय किया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके सहित तकनीकि अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# भाजपा का सदस्यता अभियान राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का अवसर है - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है।

यह एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है, जो पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा और व्यापक दृष्टिकोण को देश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए आरंभ की किया जा रहा है। यह अभियान केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण के महान कार्य में भागीदार बनाना है।

आगे कहा कि भाजपा का यह सदस्यता अभियान पार्टी के उस दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करता है जिसमें प्रत्येक भारतीय नागरिक को पार्टी के परिवार में शामिल करके उसे सशक्त और समर्थ बनाने की प्रेरणा दी जाती है। यह अभियान पार्टी की नीतियों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है और यह सुनिश्चित करता है कि भाजपा की विचारधारा और सिद्धांतों से अधिक से अधिक लोग परिचित हों और उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

भारत का विकास और प्रगति तभी संभव है जब हर वर्ग और हर समुदाय राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और उसे निभाएं। इस अभियान के माध्यम से भाजपा न केवल अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि यह सुनिश्चित कर रही है कि देश की आवाज़ और भावनाएं उसके मंच पर सुनी जाएं और उसे उचित सम्मान मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश को एक नई दिशा दी है, और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के माध्यम से पूरे देश को एक साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

भाजपा का यह सदस्यता अभियान न केवल पार्टी के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह अभियान पार्टी की उस दृष्टि को साकार करने का प्रयास है जिसमें एक मजबूत, सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण हो। इस सदस्यता अभियान की सफलता के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता और समर्थक पूरी तन्मयता और उत्साह के साथ जुटेगा।

# मानसिक विक्षिप्त ने ब्राह्मण पारा में मचाया उत्पात, डिस्पोजल गोदाम में लगा दी आग

**आगजनी से एक-डेढ़ लाख का नुक़सान**

राजनांदगांव(दावा)। बुधवार को देर शाम ब्राह्मणपारा में अजीब सा वाकया देखने को मिला। 26 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने अपने घर के सामने की दोने-पत्तल वाली दुकान में आग लगा दी। उक्त दुकान भाजपा नेता आलोक श्रोती के भाई की बताई जाती है और वह युवक उनके ही घर में किराए पर रहता है। उसके पिता का नाम स्व. रमेश दुबे बताया गया। विक्षिप्त युवक द्वारा की गई आगजनी की उक्त घटना से गोदाम मालिक को लगभग एक-डेढ़ लाख का नुक़सान होने की बात बताई जा रही है।

बताया जाता है कि बसंतपुर पुलिस को घटना के बारे में सूचना मिलते ही थाना स्टाफ की टीम को उसे पकड़ने भेजा गया जिसे काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आगजनी करने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक वहां उत्पात मचा रहा था लेकिन उसे पकड़ने के लिए भी कोई सामने नहीं आ रहा था। सभी डरे- सहमे हुए थे। मानसिक रूप से विक्षिप्त उस युवक का नाम योगेश दुबे बताया जाता है। घटना स्थल झलक गली बताई जाती है। घटना कि समय देर शाम लगभग 7 साढ़े सात बजे की बताई जाती है। युवक के उत्पात मचाते इधर उधर भागने के कारण पुलिस वालों को उसे धर दबोचने में काफी पापड़ बेलनी पड़ी। फिलहाल उक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को उसके इलाज हेतु मेंटल हास्पीटल देवादा ले जाया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 125 प्रकरण निष्पादित

राजनांदगांव (दावा)। अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग श्री प्रशान्त कुन्डू द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपभोक्ता आयोग में 3 दिवसीय लिंक कोर्ट के माध्यम से प्रकरणों को निष्पादित किया जा रहा है। श्री कुन्डू के मार्गदर्शन में सितम्बर माह में सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस एवं आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से 23 से 25 सितम्बर 2024 तक तीन दिवस में 125 प्रकरणों का निराकरण कर छत्तीसगढ़ के सभी आयोग में रिकार्ड स्थापित किया गया है। लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण किया जाएगा। राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार राज्य में स्थित सभी आयोग में लंबित प्रकरणों की संख्या कम से कम किए जाने के प्रयास में एक अग्रणी कदम राजनांदगांव उपभोक्ता आयोग द्वारा संपन्न किया गया। आयोग के इस त्वरित कार्यवाई से जिले के अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# फेडरेशन के आह्वान पर 27 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव के प्रशासनिक भवन में बैठक का आयोजन किया गया। लेकर रहिबो-लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो-अब नई सहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, राजनांदगांव द्वारा चार सूत्रीय मांगों के लिए 27 सितंबर को एक दिवसीय सामूहिक धरना प्रदर्शन का आयोजन करने की रणनीति बनी।



**0 हड़ताल में हजारों की संख्या में शामिल होंगे कर्मचारी-अधिकारी**

**0 छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक संपन्न, हड़ताल के लिए बनी रणनीति**

इस बैठक में पदाधिकारियों में मुख्य रूप से डॉ. केएल टांडेकर, सतीश ब्यौहरे, पीआर झाड़े, संतोष चौहान, उत्तम फंदियाल, हरीश भाटिया, अरुण देवांगन, रामनारायण बघेल, कौशल शर्मा, वीरेंद्र रंगारी, आनंद श्रीवास्तव, रमेश कुमार साहू, पुष्पेन्द्र साहू, अमरीश प्रजापति, तामेश, तेजभान सिंह बंधे, विजय सिन्हा, खिलावन सिंह ठाकुर, मिलन साहू, चंद्र किरण महिपाल, संजय खोब्रागढ़े, श्रीमती अनिता सहारे, प्रशांत सुखदेवे, राहुल देव, भोज कुमार गंजीर, डॉ. मकसूद, सुरेंद्र कुमार यादव, अकबर नुरेटी, संजय श्रीवास्तव, सुदेश रामटेक, आनंद शुक्ला, यशवंत नेताम, राजकुमार नागदेव, गजेंद्र उपस्थित रहे।

फेडरेशन ने बताया कि जिले के हजारों कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा 27 सितंबर 2024 दिन शुक्रवार समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया जावेगा। शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जावेगा। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार-हमर सुनव सरकार आंदोलन का घोषणा किया था। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली एवं प्रदर्शन, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला-ब्लॉक-तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन जाएगा, यदि सरकार ने कर्मचारियों के हित को नजर अंदाज किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा।

फेडरेशन ने कहा है कि मोदी की गारंटी भाजपा का घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

## अनमोल दावा

> मेहनत तब तक करें जब तक आपको अपना परिचय देने की आवश्यकता न हो

# नई विभाजक रेखाएं खींचने की कोशिश, विभाजनकारी राजनीति से रहना होगा सावधान

जातिवादी राजनीति के चलते सोशल नेटवर्क साइट्स पर ऐसे हैंडल लगातार बढ़ रहे हैं जो दूसरी जाति वालों को निशाना बनाते हैं उन पर छींटाकशी करते हैं और उन्हें नीचा दिखाते हैं। हाल के समय में इसका सिलसिला महिला पहलवानों के धरना-प्रदर्शन के समय शुरू हुआ था। लोकसभा चुनाव के समय इसने अन्य जातियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

अपने देश में विभाजनकारी राजनीति नई नहीं है। हम भारतीय तो इसे विस्मृत कर ही नहीं सकते कि किस तरह इसी राजनीति ने भारत का विभाजन कराया। तब केवल हिंदुओं और मुसलमानों को दो अलग-अलग कौम यानी राष्ट्र ही नहीं बताया गया था, बल्कि हिंदू और उर्दू में भी भेद पैदा कर यह साबित करने की कुचेष्टा की गई थी कि उर्दू मुसलमानों की और हिंदी हिंदुओं की भाषा है।ऐसी ही विभाजनकारी राजनीति नए सिरे से सिर उठाती दिख रही है। यदि कोई यह कहे कि भारत में अन्य भारतीय भाषा भाषियों पर हिंदी को न केवल थोपा जा रहा है, बल्कि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ आदि बोलने वालों से यह भी कहा जा रहा है कि उनकी भाषा, उनकी संस्कृति और उनका खानपान कमतर है तो यह हर दृष्टि से एक विभाजनकारी और वैमनस्य पैदा करने वाला बयान है।हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का काम पहले भी किया गया है, लेकिन यह पहली बार सुनने को मिल रहा है कि अन्य भारतीय भाषा भाषियों से कहा जा रहा है कि उनकी भाषा के साथ उनकी संस्कृति और उनका खानपान भी कमतर है। कहना कठिन है कि राहुल गांधी के पहले भाषा को लेकर इतनी बेतुकी और भड़काऊ बात किसने कही थी।

अपने हालिया अमेरिका दौरे के दौरान वह केवल यहीं तक सीमित नहीं रहे। वहां उन्होंने यह भी समझाने की कोशिश की कि भारत में सिखों के सामने कड़ा, पगड़ी धारण करने और गुरुद्वारे जाने का संकट खड़ा हो सकता है। इसका विरोध हुआ तो उन्होंने पंजाब कांग्रेस के नेताओं प्रताप सिंह बाजवा और चरणजीत सिंह चन्नी को अपने कहे को सही ठहराने के लिए मैदान में उतार दिया।इस दौरान प्रताप सिंह बाजवा यह बोले कि केंद्र सरकार ने पंजाब की आर्थिक नाकाबंदी कर रखी है और चन्नी ने यह समझाया कि मोदी सरकार पंजाब की खेती को नष्ट करना चाहती है। ऐसे बयान खालिस्तान समर्थकों के मन की मुराद पूरी करने वाले ही हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान से सहमति जताई। इसके बाद भी पिछले दिनों राहुल की ओर से यही कहा गया कि उन्होंने अमेरिका में सिखों को लेकर जो कुछ कहा था, उस पर वह कायम हैं।इसके पहले जब वह जून 2023 में अमेरिका गए थे, तब उन्होंने कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों और एससी-एसटी समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। तब वह कांग्रेस के सांसद भर थे। अब नेता प्रतिपक्ष भी हैं। राहुल गांधी पिछले कुछ समय से जाति गणना पर भी जोर देने में लगे हुए हैं।कांग्रेस के साथ अन्य अनेक दल भी जाति गणना की मांग कर रहे हैं और अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी यह कह दिया है कि जाति गणना होती है तो इसमें कोई हर्ज नहीं। पता नहीं कि जनगणना के साथ जाति गणना होगी या नहीं, लेकिन यदि कोई यह समझा रहा है कि इससे देश की सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा तो ऐसा होने वाला नहीं।इसके बाद भी यदि कोई ऐसा ही मानकर चलता है तो उसे ऐसा मानने से रोका नहीं जा सकता, लेकिन जाति गणना की मांग करते हुए यह माहौल बनाना शुद्ध विभाजनकारी राजनीति है कि दलित छात्र इसलिए फेल हो जाते हैं, क्योंकि ऊंची जाति के लोग प्रश्नपत्र तैयार करते हैं।अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने यह कहानी सुनाई थी कि अमेरिका में आइआइटी जैसी एक परीक्षा में अश्वेत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि प्रश्नपत्र श्वेत लोग बनाते थे। फिर एक बार अश्वेतों ने प्रश्नपत्र बनाया तो सारे गोरे फेल हो गए। यह काल्पनिक कहानी सुनाने के बाद उनका कहना था, अगर आइआइटी में अपरकास्ट लोगों के बनाए प्रश्नपत्र के कारण दलित छात्र फेल हो रहे हैं तो एक बार दलितों से प्रश्नपत्र बनवा कर देखें। भारत में जाति के सहारे जातीय वैमनस्य फैलाने की राजनीति पहले भी होती रही है। अनेक दल ऐसे हैं, जो जाति आधारित राजनीति करने के लिए ही जाने जाते हैं। जाति की यह राजनीति अब ऐसे दौर में पहुंचती दिख रही है कि हर किसी की जाति खोजी जा रही है और यहां तक कि अपराधियों की जाति का उल्लेख कर यह माहौल बनाया जा रहा है कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। यह माहौल कुछ इस तरह बनाया जा रहा है कि विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य पैदा होने का खतरा उभरने लगा है। जातिवादी राजनीति के चलते सोशल नेटवर्क साइट्स पर ऐसे हैंडल लगातार बढ़ रहे हैं, जो दूसरी जाति वालों को निशाना बनाते हैं, उन पर छींटाकशी करते हैं और उन्हें नीचा दिखाते हैं। हाल के समय में इसका सिलसिला महिला पहलवानों के धरना-प्रदर्शन के समय शुरू हुआ था। लोकसभा चुनाव के समय इसने अन्य जातियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

# वन नेशन-वन इलेक्शन ! आपत्ति और औचित्य?

**अजय दीक्षित**

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा था कि वे देश में लोकसभा और राज्यसभाओं के चुनाव एक साथ करवाएंगे ! इससे श्रम शक्ति, मैन पावर और धन की बचत होगी । आचार संहिता लगने से काम नहीं रुकेंगे ! बात सौ फीसदी ठीक है । 1952 से 1967 तक ऐसा ही होता था विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हुये थे । इसके बाद बीच में ही विधानसभाएं भंग होने के कारण, या गवर्नर रूल लगने के के कारण यह व्यवस्था बिगड़ गई । अब साल भर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं ! प्रश्न गंभीर है और इस पर व्यापक चर्चा की जरूरत है । केन्द्रीय सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति महामहिम कोविंद जी की अध्यक्षता में इस विषय पर विचारार्थ एक समिति बनाई थी । इसमें देश के जाने-माने आठ सदस्य थे । विख्यात विधि वेत्ता साल्वे भी थे । कांग्रेस के तब विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी थे । इस कमेटी ने कई हजार पेज की रिपोर्ट सौंपी है ।



अब रिपोर्ट पढ़कर ही पता चल सकता है कि इस मसले पर कितने हजार रिपोर्ट की जरूरत क्या थी । आज-कल तो रूलिंग पार्टी के शीर्षस्थ नेता जो बंद कमरे में तय कर लेते हैं उसे लागू कर देते हैं । पर इस देश में दिखावे का चलन है । विशेष उत्सवों पर वधू को, नवजात शिशु को, सम्मान दिए जाने वाले व्यक्ति को लिफाफे दिये जाते हैं । पहले आशीर्वाद दिया जाता था । खैर अब जब मोदी जी ने तय कर लिया है कि इस देश में एक साथ चुनाव होंगे तो इसका इम्प्लीमेंटेशन जरूर सन् 2029 के चुनाव से हो जायेगा ।

यह भी कहा गया है कि इससे धन भी बचेगा । यह बात सौ फ़ीसदी ठीक है । परन्तु इस बार पहली सितम्बर को हिमाचल प्रदेश में वहां के कर्मचारियों को उनका वेतन क्यों नहीं मिला? क्योंकर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को अपने वेतन का त्याग करना पड़ा? अरविन्द केजरीवाल ने फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस में यात्रा, फ्री इलाज, फ्री एजुकेशन, फ्री तोहफा की जो प्रथा शुरू की थी, संक्रामक रोग की तरह सभी राज्यों में फैल चुकी है चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो । शुरू में प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसे फ्री बी, या फ्री रेबड़ी कहा था । पर आज भाजपा भी उसी रास्ते पर है । मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1250/- महीने का जेब खर्च दिया और कहा कि यह भाई की ओर से बहन को नेग है । अब सरकारी खर्च से भाई बहन को रक्षाबंधन की गिफ्ट दे रहा है । अब कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, तेलुगु देशम आदि समेत सभी राज्यों ने भी इस प्रथा को चालू कर दिया । अब हरियाणा में भाजपा ने भी अपने घोषणा पत्र में ऐसी ही राशि सभी महिलाओं को देने का वादा किया है । अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वह विकास के कार्यों में बचत कर यह राशि बांट रहे हैं । अरविन्द केजरीवाल का कहना है कि वह रिजर्व बैंक से उधार लेकर यह नहीं बांट रहा है । अब असलियत क्या है, यह तो केन्द्र सरकार ही स्पष्ट कर रही है ।

अब कोई भी पार्टी हो, भाजपा समेत सभी तरह-तरह के फ्री वीज़ बांट रहे हैं -- फ्री बिजली, फ्री बस यात्रा, फ्री गिफ्ट लड़कियों को फ्री स्कूटी, फ्री शिक्षा, सब कुछ फ्री है । इन सब राज्यों पर रिजर्व बैंक का कई लाख करोड़ का कर्ज है । कुछ बातें फ्री ठीक हैं जैसे फ्री एजुकेशन, गांव से लड़कियों को शहर में पढ़ने आने पर फ्री बस आदि।

अभी यदि देश एक चुनाव का नारा पैसे बचाने का है तो और भी कई कदम उठाने होंगे । सांसदों औ रविधायकों की पेंशन बंद की जाना चाहिए। उनकी परिवार सहित फ्री यात्रा, फ्री हवाई सफर बंद होना चाहिये । उद्घाटन समारोह बन्द होने चाहिए । जब प्रधानमंत्री कोई उद्घाटन करते हैं तो साज सजावट और उनकी सुरक्षा पर कई करोड़ खर्च हो जाते हैं । आखिर अफसर की कुर्सी के पीछे तौलिया का क्या औचित्य है । अब तो पसीना आता ही नहीं, ए.सी. चलता है । अनेक मामले हैं जहां टैक्स पेयर का पैसा बर्बाद हो रहा है । इतने बड़े सेक्रेटीएट की क्या जरूरत है । मंत्रियों की जिलों की यात्रा पर होने वाला टी.ए., डी.ए. का क्या औचित्य है । असल में भारत में खर्च का ऑडिट जरूरी है ।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-269 : क्या अयोध्या में पसरा रहेगा 14 वर्षों तक अमावस का घोर अंधकार?

**डॉ. योगेन्द्र पाण्डेय**



उर्मिला जी यह सुनकर मुस्कुरा उठीं। उनका त्याग अप्रतिम है। लक्ष्मण जी इसे तीव्रता से अनुभव कर रहे हैं। उर्मिला जी के लिए लक्ष्मण जी के बिना अयोध्या में 14 वर्ष प्रतीक्षा के ही व्यतीत होने वाले हैं लेकिन वे माता को दिए गए वचन के अनुरूप लक्ष्मण जी की अनुपस्थिति में उनकी कमी को पूरा करने का प्रयत्न करेंगीं।

लक्ष्मण जी ने कहा, ''अब अयोध्या से मेरे प्रस्थान का समय निकट आ गया है उर्मिले ! अपना ध्यान रखना। पिता महाराज का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। भाभी की अनुपस्थिति में तुम उन्हें आवश्यक औषधियां देते रहना क्योंकि अभी वे अस्वस्थ हैं और तुम्हारी सेवा सुश्रुषा से ही वे पूर्णतः स्वस्थ हो सकते हैं। इसी तरह तुम्हें माताओं का भी ध्यान रखना है। राज परिवार के सदस्यों के साथ-साथ पूरी प्रजा ही हमारा परिवार है।अतः भैया राम और भाभी की तरह तुम भी प्रजापालन और जन कल्याण के कार्यों में पिता महाराज और भरत भैया की सहायता करना।''

''अवश्य स्वामी!'' उर्मिला जी ने उत्तर दिया।

इधर रानी कैकेई के कक्ष में वातावरण तनाव से युक्त है। उन पर गुरु वशिष्ठ और सुमंत जी के समझाने का भी कोई असर नहीं हुआ है। महाराज दशरथ को अस्वस्थ देखकर भी उनके हृदय में कोई संवेदना उत्पन्न नहीं हो रही है।सूर्य के क्रमशः ऊर्ध्वाधर होने के साथ ही धरती पर प्रकाश उत्तरोत्तर तीव्र होते जा रहा है।वहीं अयोध्या के भाग्य पर अमावस्या की रात्रि का गहन अंधकार पसर रहा है। श्री राम के विदा होने के साथ ही जैसे अयोध्या में 14 वर्षों के लिए अंतहीन रात्रि व्याप्त हो जाने वाली हो।

पूरे राज परिवार की भोजन व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का प्रबंध सीता जी के द्वारा संपन्न किया जाता है। आज कक्ष से प्रस्थान के समय वे सोच रही हैं कि अगले 14 वर्षों तक वे किस प्रकार प्रभु श्री राम का और अपना प्रबंध करेंगीं। यह उनके जीवन का पहला ऐसा अनुभव है, जब उन्हें इतने लंबे समय के लिए अपने परिजनों से दूर रहना होगा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# पितृ पक्ष क्या है ? क्या पितरों को श्राद्ध करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होता है ?

**त्रिभुवन लाल साहू**



हाँ छोटे! पितरों का श्राद्ध करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जातक को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। प्रत्येक वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से अमावस्या तक के पंद्रह दिनों को पितृपक्ष कहा जाता है और यह पखवाड़ा सिर्फ पितरों अर्थात पूर्वजों के पूजन और तर्पण के लिए होता है।

**पितृऋण से मुक्ति कैसे मिलता हैं ?**

तीन ऋण शास्त्रों में वर्णित है देवत्रऋण, ऋषित्रऋण और पितृऋण। इंसमे श्राद्ध द्वारा पितृत्रऋण उतारा जाता है। जिन माता-पिता ने हमें जन्म दिया, हमारी आयु, आरोग्य और सुख सौभाग्य आदि के लिए अनेक यत्न किए, उनके ऋण से मुक्त न होने पर हमारा जन्म निरर्थक होता है।श्राद्ध मतलब जो श्रद्धा से जिस तिथि को पिता या माता की मृत्यु हुई हो पितृपक्ष में उसी दिन श्राद्ध और तर्पण करना आवश्यक माना जाता है छोटे।

**श्राद्ध का विधान क्या है बड़े ?**

पितृपक्ष में पिंडदान मृत्युतिथि के दिन ही किया जाता है। देवताओं और ऋषियों को जल देने के



बाद पितरों को जल देकर तृप्त किया जाता है। पितृपक्ष में पुरुषों को जल, तिल जौ चावल कुश और तरोई आदि से तर्पण और श्राद्ध संपन्न करना चाहिए। जिन लोगों की मृत्यु की तिथि ज्ञात न हो उनका श्राद्ध अमावस्या को करना चाहिए। नवमी, माता के श्राद्ध के लिए पुण्यदायी मानी गई है छोटे।

**क्या तीर्थ स्थलों का श्राद्ध में महत्व हैं?**

श्राद्ध के लिए सबसे पवित्र गया तीर्थ को जो फल्गु नदी के तट पर बसा है को माना गया है इस पवित्र स्थान पर पिंडदान, तर्पण, श्राद्ध कर्म करने से पितरों की मुक्ति हो जाती है। वे प्रेत या अन्य योनियों से छुटकारा पा जाते है। सुविधा के अभाव में किसी भी पवित्र नदी के तट, तीर्थस्थल या अपने घर में श्राद्ध संपन्न किया जा सकता है छोटे।

**श्राद्ध किसे करना चाहिए बड़े?**

श्राद्ध का अधिकार पुत्र को है अगर पुत्र जीवित न हो तो पौत्र, प्रपौत्र या विधवा पत्नी अनेक पुत्र हों तो ज्येष्ठ पुत्र को सभी भाई अलग-अलग रहते हों तो वे भी अपने-अपने घरों में श्राद्ध कर सकते है। किंतु संयुक्त रूप से एक ही श्राद्ध करना अच्छा है। पुत्र परंपरा के अभाव में भाई श्राद्ध कर सकता है। यदि कोई विहित उत्तराधिकारी न हो तो नाती या परिवार का कोई भी उत्तराधिकारी श्राद्ध कर सकता है। तर्पण समस्त पूर्वजों एवं मृत परिजनों के लोगों को भी जल दिया जाता है, जिन्हे जल देने वाला कोई न हो छोटे।सूर्य इस दौरान श्राद्ध तृप्त पितरों की आत्माओं को मुक्ति का मार्ग देता है। पितर अपने दिवंगत होने की तिथि के दिन पुत्र-पौत्रों से उम्मीद रखते हैं कि कोई श्रद्धापूर्वक उनके उद्धार के लिए पिंडदान तर्पण और श्राद्ध करें छोटे।

**हमें पितृपक्ष में कैसे रहना चाहिए बड़े?**

आजकल लोग कहा कुछ मानते हैं छोटे मांस मंदिरा को छोड़ नही सकते और उनके तर्क में तो पितर ही हांर मान जाये और भला पत्नी को शॉपिंग से कौन रोक सकता हैं पर श्राद्ध करने वाले पुरुष पुरुष औरउसकी पत्नी को सात्विक आहार ग्रहण करना चाहिए। साथ ही इस दौरान नए वस्त्र, आभूषण आदि की खरीदारी और उपयोग भी वर्जित माना गया है छोटे।

**बोड़सरा जाँजगीर छत्तीसगढ़**

## सामयिक चर्चा

### घोटाले का कारण एक

अखबार उठाते ही,
पहले पेज की पहली खबर पढ़कर
बानी बोले - 'सुनिए गजाधर!
जमीन घोटाले का अब केस चलेगा,
तो बहुत ही परेशान हैं
कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ।
मैं तो चकित हूँ ही,
गिरधारी भी आश्चर्य कर कहते है,
इतने बड़े आदमी,
एक प्रदेश के मुख्यमंत्री
क्यों घपले-घोटाले करते हैं ?
आप बताइए इसके मूल में,
कारण क्या है, गजाधर भैया ?'
गजाधर बोले मुस्कराकर- 'बानी
मेरी अपनी समझ,
मेरी अपनी बुद्धि तो मुझे,
बस यही बताती है कि
इसका कारण है, एक
जो अच्छे-अच्छे को,
बेईमान बनाती है।
यह जड़ कुर्सी, अपनी आड़ से,
बड़े-बड़ों को बरगलाती है,
फिर उनसे, जाने क्या-क्या,
गलत-सलत काम कराती है।'



-गिरीश बख्शी

## कविता

### रसोईया की माली हालत!

सरकारी उदासीन रवैया!
कोनो नइ हे पूछइया!!
4 घंटा गुंगुआ म कमाथे!
तब आधा पेट खाथे!
बात अतरीच नो हे!
स्कूल मर्ज होही कथे!
पेट म झन मार लात!
कोन राँधही भात!!

नइ राहे एमन रीता!
कनिहा टूटत ले बूता!
राम जी, कुछु तो करो!
इंकर जिनगी ल गढ़ो!
तहाँ ले कहू!!
सब पढ़ो, सब बढ़ो!!

दिनेश्वर पटेल शान्तिनगर, राजनांदगाव मो. नं.8989560908

## राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुशरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग बना रहेगा।

**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार को अधिक समय न दे पाने से परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आपका काम-धंधा भी अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।

**सिंह** – आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलती से निराशा हो सकती है। बाहर की मसालेदार चीजों को खाने से बचें।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज किसी समारोह के होने कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यवस्थित दिनचर्या रहने से मानसिक और शारीरिक रूप से आप तनावमुक्त महसूस करेंगे। कोई पारिवारिक समस्या का समाधान मिलेगा जिससे आप अपनी अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान दे पाएंगे।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। अगर आज कोई विशेष निर्णय लेने जा रहे हैं तो उससे संबंधित पूरी जानकारी अवश्य हासिल कर लें, इससे आपको सफलता मिलेगी। किसी सराहनीय कार्य की वजह से समाज में मान-सम्मान मिलेगा। आज जरूरी काम के संबंध के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाल है। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आपको खुशी होगी। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखना, आपके व्यक्तित्व और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक रहेगा।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए व्यस्ताता से भरा हो सकता हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। आज कारोबारी व्यवस्था बेहतर बनी रहेगी और किसी वरिष्ठ सदस्य के मार्गदर्शन में कोई महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। नौकरी में अपना प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरा करने से अधिकारियों के बीच सराहना होगी।

**कुंभ** – आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। किसी भी काम में फोकस रहना बहुत जरूरी है। आज जल्दबाजी और लापरवाही में लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। आज आप मान-सम्मान को लेकर ज्यादा सजग रहेंगे।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे।

## सू- दोकू क्र.189

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 188 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासन पहुंचे ग्राम नीचेकोहड़ा

**० ग्राम में हुई मृत्यु के संबंध में मृतक के परिजनों से लिया बयान**
**० सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों ने बताया इस महीने केवल 2 मृत्यु हुई है**
**० गांव में स्थिति सामान्य, नहीं है कोई गंभीर समस्या**
**० मृत्यु के कारणों के संबंध में ग्रामीणों से की गई चर्चा**



मोहला(दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सहित जिला प्रशासन अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम नीचेकोहड़ा पहुंचे। यहां गत दिनों हुई मृत्यु को बेहद गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच किया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन सदैव आपके साथ है। कोई भी समस्या होने पर प्रशासन के संज्ञान में लाएं। उन्होंने ग्रामीणों का हाल चाल एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लिया। ग्रामीणों को समझाईस देते हुए कहा कि अगर गांव में कोई गंभीर समस्या से पीड़ित है, तो प्रशासन आर्थिक मदद एवं उपचार की व्यवस्था करेगा। उन्होंने गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में आकर जांच कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि स्वास्थ्य समस्या होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से ही उपचार कराएं। मोहला या चौकी में संचालित अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं। गंभीर स्थिति में संजीवनी एक्सप्रेस सेवा का लाभ लेवें। उन्होंने ग्रामीणों को अफवाह से बचने का सलाह भी दिया। आपसी सहभागिता पूर्वक रहने और गांव में सौहार्द्र वातावरण बनाने की अपील किया। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने ग्रामीणों को समझाईस देते हुए कहा कि सजग रहें, किसी की अफवाह में ना आएं। अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। मदद की आवश्यकता होने पर प्रशासन के संज्ञान में लाएं। इस अवसर पर जिला प्रशासन से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमेंद्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंबागढ़ चौकी श्रीमती प्रियंवदा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस आर मंडावी सहित राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम नीचेकोहड़ा पहुंचकर गत दिनों में हुई मृत्यु के संबंध में जांच किया। सरपंच सचिव सहित ग्रामीणों से घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही मृतक के परिजनों से चर्चा व बयान लिया गया। ग्रामीणों से चर्चा करने पर बताया गया कि इस महीने सितंबर माह में केवल 2 मृत्यु हुई है। समाचार पत्र में प्रकाशित मृत्यु के आंकड़े माह जुलाई से अब तक का है। जिसमें से एक उम्रदराज व 1 व्यक्ति लकवा से पीड़ित था। अन्य लोगों की मृत्यु अलग-अलग शारीरिक समस्या से होना बताया गया है। किसी की मृत्यु खून की उल्टी होने से होना नही पाया गया है। इस महीने जो 2 मृत्यु हुई है, उनके पालक द्वारा जो जानकारी दी गई है उसके अनुसान रेणुका नाम की लड़की काम करने खेत गई हुई थी। वह पूर्व से निमोनिया से पीड़ित थी, स्वास्थ्य बिगड़ने पर वह घर आई। गांव में ही निजी चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार कराया गया। स्वास्थ्य नहीं सुधरने पर चौकी के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां ठीक नहीं होने पर भिलाई के निजी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में आकस्मिक मृत्यु हो गई। इसी प्रकार कुमारी सती नाम की लड़की की मृत्यु पूर्व सिर दर्द से पीड़ित थी। उसके उपचार के लिए राजनांदगांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई। गांव वाले एवं परिजनों के द्वारा दिए गए बयान के अनुसार गांव में कोई गंभीर समस्या नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति गंभीर नहीं है। पेय जल स्रोत के नमुने की जांच किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार श्रीमती अनुरीमा टोप्पो, नायब तहसीलदार दिनेश साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विकास राठौर सहित गांव के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्राम पटेल, कोटवार, स्वास्थ्य विभाग की टीम, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मोर बूथ मोर अभियान के तहत घोरदा शक्ति केंद्र में हुई सफल बैठक



डोंगरगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में जिला भाजयुमो महामंत्री एवं सदस्यता अभियान मंडल सहसंयोजक डीकेश साहू ने घोरदा शक्ति केंद्र प्रवास कर बैठक लिया. जिसमें बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर प्रत्येक बूथ में जयंती मनाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाएंगे. डीकेश साहू ने बताया कि मोर बूथ मोर अभियान के तहत बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साह के साथ मनाएंगे. जिसमें प्रत्येक बूथ में घर घर जाकर सदस्य बना रहे हैं. इस सदस्यता अभियान में लोगो का उत्साह बना हुआ है. जिसमें भाजपा के सभी योजनाओं के लाभ लेने वाले हितग्राही, युवा, महिला भी अधिक से अधिक जुड़ रहे हैं.

इस कार्यक्रम के संदर्भ बैठक में डीकेश साहू, वरिष्ठ तुलेश्वर साहू, राजू साहू, लीलेश्वर साहू, भागवत ठाकुर, कोमल राम साहू, गौतमलाल साहू, पूनम साहू, हुकमराम साहू, मामेश साहू सहित शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही.

## पहला कॉलम...

### सनातन धर्मावलंबियों के लिए सामूहिक कन्या विवाह योजना

डोंगरगढ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आगामी फुलेरा दूज 1 मार्च 2025 को सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत उन परिवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। जिन्हें, अपनी कन्या का विवाह इस सामूहिक आयोजन में संपन्न कराना है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि,यह सामूहिक विवाह एकदिवसीय होगा। जिसमें संपूर्ण वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराए जाएंगे। सामूहिक विवाह में विवाह कराने के इच्छुक तय हो चुके जोड़े, आवेदन करें अपना संपूर्ण विवरण प्रेषित करें। विवाह स्थल- होटल एंट्री पॉइंट, ट्रांसपोर्ट नगर, बंजारी माता मंदिर के सामने, रायपुर (छत्तीसगढ़) है। सामूहिक विवाह पूरी तरह से निशुल्क होगा। बल्कि गृह घर गृहस्ती का सामान भी उन्हें विशेष भेंट स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### ठेलकाडीह कालेज के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली




ठेलकाडीह (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ए.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा दिनांक 21.09.2024 दिन - शनिवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। यह स्वच्छता रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ कर के बस स्टैंड ठेलकाडीह होते हुए बाजार चौक पहुंची। बाजार चौक ठेलकाडीह मे स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता कार्य भी किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली महाविद्यालय की ओर वापस आई। इस रैली मे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डी. के. साहू, प्रो. एल.सी. सिन्हा, प्रो. सी.एस. राठौर, प्रो. विनय कुमार मसियारे, प्रो. सुश्री रेणुका कुंजाम, प्रो. बेनविक्रम बर्मन, प्रो. रेणुका सिन्हा, राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक हुकूमचंद, मनीषा यदु, अभिषेक राजपूत, रामेश्वरी पाल, गरिमा पाल, हेमलता देवांगन एवं अन्य स्वयंसेवको ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दी गई सलाह

**भूस्खलन से बचाव हेतु क्या करें एवं क्या न करें**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा भूस्खलन के बचाव हेतु दिशा-निर्देश क्या करें, क्या न करें तैयार किया गया है। इन निर्देशों के परिपालन में भूस्खलन में क्या करें अंतर्गत मौसम विभाग या समाचार चैनल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र की यात्रा की तैयारी करें। समय बर्बाद किए बिना भूस्खलन पथ या नीचे की ओर की घाटियों से जल्दी से दूर चले जाएं। नालियों को साफ रखें, नालियों का निरीक्षण करें-कूड़ा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि।

अधिक पेड़ लगाएं जो जड़ों के माध्यम से मिट्टी को पकड़ सकें। चट्टानों के गिरने और इमारतों के धंसने, दरारों के क्षेत्रों की पहचान करें, जो भूस्खलन का संकेत देते है, ऐसी स्थिति में सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाएं। यहां तक कि नदी का गंदा पानी भी भूस्खलन का संकेत देता है। ऐसे संकेतों को नोटिस करें और निकटतम तहसील या जिला मुख्यालय से संपर्क करें। सुनिश्चित करें कि ढलान का निचला हिस्सा कटा हुआ न हो, सुरक्षित रहे, जब तक कि फिर से वनस्पति लगाने की योजना न हो, पेड़ों को न उखाड़े।

असामान्य आवाजों जैसे पेड़ों के टूटने या पत्थरों के आपस में टकराने की आवाज सुनें। भूस्खलन के प्रभाव या प्रभाव की संभावना के दौरान सतर्क, सजग और सक्रिय रहें। आश्रयों का पता लगाएं और वहां जाएं।

अपने परिवार और सार्थी के साथ रहने की कोशिश करें। घायल और फंसे हुए लोगों की जांच करें। ट्रैकिंग के रास्ते को चिन्हित करें ताकि आप जंगल के बीच में खो न जाएं। आपातकालीन समय में उड़ते हुए हेलीकॉप्टर और बचाव दल को संकेत देना या संवाद करना सीखें।

इसी तरह भूस्खलन में क्या न करें अंतर्गत निर्माण कार्य से बचने और संवेदनशील क्षेत्रों में रहने की कोशिश करें। घबराएं नहीं और रो-रोकर अपनी ऊर्जा न खोएं। ढीली सामग्री और बिजली के तारों या खंभों को न छुएं और न ही उन पर चलें। खड़ी ढलानों और जल निकासी के रास्ते के आस-पास घर न बनाएं। नदियों, झरनों, कुओं से सीधे दूषित पानी न पिएं, लेकिन बारिश का पानी अगर सीधे इकट्ठा किया जाए तो ठीक है। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिए बिना न ले जाएं, जब तक कि वह तत्काल खतरे में न हो को अपनाने कहा गया है।

# अपराध रोकने जनजागरुकता एवं नागरिक कर्तव्य निर्वहन जरूरी - कुसुम दुबे



राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराध को रोकने शिक्षण संस्थानों में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है इसी क्रम में ठेलकाडीह कॉलेज में गठित महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सुरक्षा एवं विधिक जागरुकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने अपने व्याख्यान के माध्यम से महिलाओं के लिए बने कानून, सरकार की योजनाओं एवं अधिकार व कर्तव्य के साथ अपराध रोकने के लिए कानून की जानकारी एवं पुलिस को सहयोग करने पर बल दिया। आयोजन के उद्देश्य से सर्वप्रथम वरिष्ठ प्राध्यापक डा एल सी सिन्हा ने अवगत कराया। पश्चात अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने कॉलेज के सभाकक्ष के गरिमामयी आयोजन में संस्था के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं की अपराध नियंत्रण के लिए हमें जन जागरूकता के साथ संविधान से मिले नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए कानून के अनुरूप कार्यवाही में पुलिस को अपराध की समय पर सूचना के साथ-साथ उन्हें सहयोग करने की भी आवश्यकता है आज जिस प्रकार के सामाजिक परिवेश को हम देख रहे हैं उसे तोड़ने के लिए हमें संगठित होकर जन जागरूकता के साथ कार्य करना है श्रीमती दुबे ने महिलाओं को संविधान एवं कानून से मिले अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना, दहेज निवारण, महिलाओं के भरण पोषण, कामकाजी महिलाओं के कार्यस्थल पर अधिकार, लैंगिक उत्पीड़न से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के सभी विधिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए यह अपील भी की कि हम सब एक जुटता से महिला सशक्तिकरण की ओर अग्रसर होने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण में भी अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें आज अपराधियों के हौसले इसलिए बढ़े हुए हैं क्योंकि हम अपराध को देखते हुए मौन धारण कर लेते हैं या घटना से अपने आप को अलग कर लेते हैं। छत्तीसगढ़ जैसे शांत राज्य में जिस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हैं वह चिंतनीय है लेकिन इसे हमें ही रोकना है क्योंकि अपराधियों का कोई जात धर्म सगे संबंधी नहीं होते इसलिए आपराधिक मस्तिष्क का व्यक्ति पूरे समाज के वातावरण को दूषित करता है ऐसे दूषित वातावरण को साफ करने के लिए हम महिलाओं को विशेष कर आप कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सामने आकर कार्य करने की आवश्यकता है क्योंकि आप समाज की अगले भविष्य है और आप लोगों के क्रियाकलाप व मजबूत कदम से वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ में एक स्वस्थ, समृद्ध, अपराध मुक्त समाज स्थापित होगा आप सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे में जो क्रांतिकारी तेज नजर आ रहा है इससे मैं यह विश्वास करती हूं कि वह दिन दूर नहीं जब आप लोगों की सक्रियता से हम सब भयमुक्त वातावरण का निर्माण करेंगे साथ ही सरकार की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए लागू योजनाओं से भी अवगत कराकर लाभ लेने व दिलाने की भी अपील की। व्याख्यान के पूर्व संस्था के प्राचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव ने आयोजन में पालकीय संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ संयोजिका सुश्री रेणुका कुंजाम ने एवं आभार प्रदर्शन प्रो.रेणुका सिन्हा ने किया।

# नगर में फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मना



डोंगरगांव (दावा)। 25 सितम्बर को दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष योगदान देने वाले फार्मासिस्ट को समर्पित खास दिन मनाया गया. फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा से जुड़े वह लोग हैं, जो बतौर चिकित्सा पेशेवर दवाओं की आपूर्ति करते हैं और मरीजों को डॉक्टर की लिखी दवाएं उपलब्ध कराते हैं. साथ ही मेडिसिन के निर्माण से लेकर रिसर्च तक फार्मासिस्ट का एक विशेष भूमिका हैं. इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्ट सहित नगर के वरिष्ठ फार्मासिस्ट के द्वारा आयुर्वेद भगवान धनवंतरी का पुजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान करने के बाद फार्मेसी के ऊपर संगोष्ठी रखते हुए फार्मेसी पर प्रकाश डाला गया. उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप शासकीय से डां.रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट सुरेश नखत, रितेश अग्रवाल, हरिशंकर साहू, गिरीश पंसारी, अर्चना साहू, नीतू देवांगन, दिलीप मार्कण्डेय, विशाल खत्री, भोज कुमार साहू, अभिलाष गुप्ता, काजल गुप्ता, खेमराज लहरें, उदय पटेल, शिशिर वैष्णव सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे.

# अंत्योदय दिवस पंडित दीनदयाल उपाध्याय को समर्पित दिन है - किरण वैष्णव

**जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने 50 लोग को दिलाई भाजपा की सदस्यता**



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिनकापार बुथ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी कार्यक्रम में शामिल होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चैलचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अंत्योदय दिवस पंडित दीनदयाल उपाध्याय को समर्पित दिन है।

इस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती होती है। उनके विचारों से समाज को जागरूक कराने के उद्देश्य से अंत्योदय मनाया जाता है। यह दिन भारतीय समाज में गरीबों और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अंत्योदय का अर्थ है ÷अंतिम व्यक्ति का उदय÷, अर्थात समाज के सबसे गरीब और पिछड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाना है। यह दिन महान समाज सुधारक और भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने अंत्योदय के विचार को अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य बनाया था।

साथ ही जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर संगीता यादव मंत्री मंडल भाजपा, गीतालाल यादव बुथ अध्यक्ष, दरबार यादव, विवेद यादव, दसरूराम, ऋषि कुमार, रवि साहू, सुकलाल, जंयती यादव, तीजबती, निर्मला, अंशुबाई, दुकाला बाई सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षिका सविता दशरिया को सावित्रीबाई फुले सम्मान 2024 से सम्मानित






राजनांदगांव(दावा)। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह राजनांदगांव जिले के शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया डोंगरी के शिक्षिका सविता दशरिया को सावित्रीबाई फुले सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया वहीं शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह दुर्ग खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था।

'छत्तीसगढ़ के नव प्रतिष्ठित बहुआयामी संस्था शिक्षक कला व प्रतिभा अकादमी के संस्थापक श्री संजय कुमार मैथिल जी एवं प्रांताध्यक्ष श्रीमती मीना भारद्वाज के संयोजकत्व भव्य राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग सभागार में संपन्न हुआ।

इस समारोह में श्रीमति सविता रवि दशरिया, व्याख्याता (प्रभारी प्राचार्य), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया डोंगरी, विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगांव को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, साहित्यिक सेवा उल्लेखनीय व प्रशंसनीय योगदान हेतु उन्हें सावित्री बाई फूले शिक्षा सम्मान 2024 श्रीफल, मोमेंटो, शॉल, सम्मान पत्र से नवाजा गया और उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही इस सम्मान पर अतिथियों का सादर आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर ने की अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण और रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर रहे, विशिष्ट अतिथि के रुप में निधि चंद्राकार अध्यक्ष उड़ान उपस्थित थे।

# शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घुमका में हो रहे हैं विविध कार्यक्रम



घुमका (दावा)। शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घुमका में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों द्वारा की जा रही है शासन की अनुशंसा के अनुसार स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत श्रीमती शीला सोनी के मार्गदर्शन में बच्चों ने गणेश पंडालून में निकले वासी फूलों एवं हवन के आखों को एकत्रित किया इन वासी फूलों को सुखाकर अगरबत्ती निर्माण महिला समूह द्वारा किया जाएगा तथा हवन के रख से पेड़ पौधों के लिए जैविक खाद बनाया जाएगा।

इसके अलावा सभी बहनों से अपील है कि प्रतिदिन पूजा से निकले वासी फूलों को सुखाकर गोबर में मिलकर छोटे-छोटे स्टिक बनाकर सुख ले फिर इसी को अगरबत्ती की तरह प्रतिदिन घरों में जलाएं इन गोबर में कपूर भी मिला ले इससे हमारे घर में जीवाणु रोगाणु तथा मलेरिया के मच्छर भी दूर रहेंगे वह हमारा घर रोग मुक्त रहेगा वैज्ञानिकों ने रिसर्च करके पाया है कि जिन घरों में कपूर , घी ,गुड अग्नि में जलता है वहां ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है तथा रहने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं आप सभी इन सामग्री कोमिलाकर रोज हवन करें वह विश्व कल्याण के लिए फौजी भाइयों एवं किसानों बच्चों रोगियों दीन दुखियों व सृष्टि के कण कण के कल्याण के लिए गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की आहुति प्रतिदिन अग्नि में अर्पित करें श्रीमती सोनी ने बताया कि आगामी नवरात्रि पर्व पर भी जल को प्रदूषित होने से बचने के लिए वासी फूलों एवं हवन की राख आदि को इकट्ठा किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूलों में बच्चों व शिक्षकों द्वारा साफ सफाई हाथ धुलाई ड्राइंग पेंटिंग आदि बच्चों द्वारा किया जा रहा है।

इसके अलावा उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रभारी श्रीमती शीला सोनी ने बताया कि अशक्षर भाई बहनों को साक्षर करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है ताकि विकसित भारत की कल्पना साकार हो सके और हमारा भारत हमारा देश जगतगुरु बन सके। इन सब के कार्यक्रम में सहयोगी प्रधान पाठक विजय ठाकुर व समस्त स्टाफ रहे।

प्रधान पाठक विजय सिंह ठाकुर जी ने श्राद्ध पर्व पर बच्चों को न्योता भोज का आयोजन करवाया जिसने खीर पूरी सब्जी दाल चावल अचार पापड़ आदि बच्चों को खिलाया।

# नवरात्र पर्व को सामने देख जागा प्रशासन



डोंगरगढ़(दावा)। विगत कई माह से अंडर ब्रिज से होकर कालका पारा की ओर जाने वाले मार्ग व कालका पारा से अंडर ब्रिज की ओर आने वाले अघोषित मार्ग की मरम्मत नहीं होने से शहर वासियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यदि नवरात्र पर्व एक माह बाद आता तो एक माह बाद कार्य प्रारंभ किया जाता। किंतु कुछ दिन बाद नवरात्रि प्रारंभ होना है। जिसे ध्यान में रखते हुए आनन - फानन में मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

मात्र एक हफ्ते के बाद नवरात्रि का महापर्व प्रारंभ हो जायेगा । डोंगरगढ़ मेला मैदान के पास वाले मैदान में अंडर ब्रिज होते हुए मेले के दौरान इस एक मात्र मार्ग से हर छोटी बड़ी गाड़ी निकलती है, पर अभी तक इस मार्ग पर स्थित खंडित नाली पर न तो स्लैब को ढाला गया है ना ही आगे मार्ग को दुरुस्त किया गया है। कछुएं की गति से कार्य हो रहा है। आगामी नवरात्र पर के दौरान निर्माण के बाद मजबूती के बिना मार्ग में आवागमन प्रारंभ हो जाएगा। फिर मार्ग में स्थित नाली में बनाया गया स्लैब खंडित हो जाएगा। आम जनों ने कहा है कि, प्रशासन के जिम्मेदार विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# पहला कॉलम...

## भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए न्यूनतम 8400 रूपये का टिकट

लंदन। अगले साल भारत के ख़िलाफ़ होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने न्यूनतम 90 यूरो (लगभग 8400 रूपये) का टिकट निर्धारित किया है, जिसकी ख़ासी आलोचना हो रही है। वहीं प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों का मूल्य 120 यूरो से 175 यूरो (11,200 रूपये से 16,330 रूपये) है। आलोचकों का कहना है कि इस साल श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के 115 यूरो से 140 यूरो (10,730 रूपये से 13065 रूपये) के टिकट मूल्य निर्धारित किए गए थे, जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। चौथे दिन का खेल देखने के लिए सिर्फ़ 9000 टिकट बिके थे, जो कि स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था। हालांकि आलोचना के बाद एमसीसी को चाय के बाद के टिकट का दाम 15 यूरो (1400 रूपये) और 5 यूरो (470 रूपये) (अंडर-16 के लिए) करना पड़ा, लेकिन तब तक काफ़ी देर हो चुकी थी। मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान ऑली पोप ने कहा था, यह टेस्ट मैच का अच्छा दिन था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण था कि स्टेडियम भरा हुआ नहीं था।

## भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला, रियल्टी शेयरों में हुई बिकवाली

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सुबह 9ः25 बजे सेंसेक्स 10 अंक की तेजी के साथ 84,924 और निफ्टी 2 अंक की कमजोरी के साथ 25,938 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,254 शेयर हरे निशान में और 919 शेयर लाल निशान में थे। शुरुआती कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मिलाजुला कारोबार देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 93 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,724 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 36 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,476 पर था। एनएसई पर रियल्टी, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और सर्विसेज सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, फिन सर्विस, मेटल, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स में तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचयूएल, टाटा मोटर्स और टीसीएस टॉप लूजर्स थे।

## 18 वर्षीय द्रोण देसाई ने खेली 498 रन की पारी, हासिल की बड़ी उपलब्धि

नईदिल्ली। बीते मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर में दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टी-डे टूर्नामेंट के दौरान अविश्वसनीय पारी देखने को मिली।दरअसल, सेंट जेवियर्स स्कूल के द्रोण देसाई ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ 498 रन की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।18 वर्षीय ये बल्लेबाज 500 रन की पारी खेलने से चूक गया।बता दें, यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐतिहासिक पारी के बाद देसाई ने कहा, मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे सूचित नहीं किया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं अपना स्ट्रोक खेलने गया और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा। उन्होंने अपनी मैराथन पारी में 320 गेंदों का सामना किया, जिसमें 7 छक्के और 86 चौके शामिल थे। गुजरात से ताल्लुक रखने वाले देसाई जूनियर स्तर पर लगातार अच्छा खेल रहे हैं।अंडर-14 स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके देसाई की हालिया पारी चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने वाली है क्योंकि वह गुजरात की अंडर-19 टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।क्रिकेट में उनका सफर 7 साल की छोटी सी उम्र में शुरू हुआ था।वह अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर को बल्लेबाजी करते हुए देखकर काफी प्रभावित हुए थे।

## सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और यश दयाल नहीं खेलेंगे दूसरा टेस्ट

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को ईरानी कप 2024 के लिए मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के स्क्वाड की घोषणा कर दी है. ये स्क्वाड इसलिए चर्चा में आ गए हैं क्योंकि इनमें 3 ऐसे प्लेयर शामिल हैं, जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ चुनी गई भारतीय टीम से बाहर करके ईरानी कप में खेलने के लिए कहा गया है. इन 3 खिलाड़ियों के बाहर होने से क्या बांग्लादेश के लिए दूसरा टेस्ट जीतना आसान हो जाएगा? इन तीन खिलाड़ियों के नाम सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और यश दयाल हैं. बता दें कि ये तीनों प्लेयर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम में भी शामिल थे लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिल पाया था. अब ईरानी कप की जिम्मेदारी के कारण सरफराज, ध्रुव और यश दूसरे टेस्ट को भी मिस करने वाले हैं. एक तरफ सरफराज खान मुंबई की टीम के लिए खेलेंगे, दूसरी ओर ध्रुव जुरेल और यश दयाल को 'रेस्ट ऑफ इंडिया' टीम में जगह मिली है.

# ब्रूक के पहले वनडे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ रोका




चेस्टर-ले-स्ट्रीट (इंग्लैंड), 25 सितंबर। हैरी ब्रूक (94 गेंदों पर नाबाद 110) ने अपना पहला वनडे शतक जड़ा, जिससे इंग्लैंड ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में तीसरे वनडे में डीएलएस पद्धति से 46 रनों की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के इस प्रारूप में लगातार 14 मैचों के जीत के सिलसिले को रोक दिया।

इंग्लैंड 254-4 रन बनाकर जीत की ओर अग्रसर था, उसे 74 गेंदों पर 51 रनों की जरूरत थी, तभी चेस्टर-ले-स्ट्रीट में बारिश ने मैच को रोक दिया। इस परिणाम के साथ ही इंग्लैंड की इस प्रारूप में अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगातार सात मैचों की हार का सिलसिला भी खत्म हो गया। एलेक्स कैरी के नाबाद 77 रन और स्टीव स्मिथ (82 गेंदों पर 60 रन) की दमदार अर्धशतकीय पारी तथा कैमरून ग्रीन (49 गेंदों पर 42 रन) और आरोन हार्डी (26 गेंदों पर 44 रन) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 305 रनों का लक्ष्य रखा।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार जवाब में, इंग्लैंड बैकफुट पर दिख रहा था क्योंकि उसने शुरुआती दो ओपनर फिल साल्ट और बेन डकेट को मिशेल स्टार्क के हाथों खो दिया था। लेकिन ब्रूक और विल जैक्स (84) के बीच 156 रनों की साझेदारी ने मेजबान टीम के लिए स्थिति बदल दी। इसके बाद ब्रूक के साथ लियाम लिविंगस्टोन भी शामिल हुए, जिन्होंने 20 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए और मेजबान टीम को बारिश के कारण डीएलएस पार स्कोर से आगे निकलने में मदद की, । ऑस्ट्रेलिया के पास अपनी वनडे जीत की लय को 15 तक बढ़ाने का मौका था, जो पुरुषों के प्रारूप में दूसरी सर्वश्रेष्ठ जीत की लय के रूप में दो मैच आगे होता, जिसका सिलसिला पिछले साल के प्रमुख टूर्नामेंट से शुरू हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने 2003 में लगातार 21 मैच जीतकर रिकॉर्ड कायम रखा है, जिसमें उसी साल क्रिकेट विश्व कप जीतना भी शामिल था। जीत का मतलब यह भी होता कि ऑस्ट्रेलिया आईसीसी वनडे पुरुष टीम रैंकिंग में भारत को शीर्ष स्थान से हटा देता, हालांकि हार का मतलब है कि वे शीर्ष स्थान (118 रेटिंग अंक) से तीन रेटिंग अंक पीछे हैं। इंग्लैंड शुक्रवार को लॉर्ड्स में होने वाले चौथे वनडे में पांच मैचों की सीरीज को 2-2 से बराबर करने की कोशिश करेगा। संक्षिप्त स्कोरः ऑस्ट्रेलिया 50 ओवर में 304/7 (एलेक्स कैरी 77 नाबाद, स्टीव स्मिथ 60, आरोन हार्डी 44, कैमरून ग्रीन 42; जोफ्रा आर्चर 2-67) इंग्लैंड से 37.4 ओवर में 254/4 (हैरी ब्रूक 110 नाबाद, विल जैक्स 84; कैमरून ग्रीन 2-45, मिशेल स्टार्क 2-63) से 46 रन (डीएलएस विधि) से हार गया।

# चीन के शांग ने मुसेट्टी को हराकर जीता चेंगदू ओपन का खिताब



चेंगदू (चीन), 25 सितंबर। चीनी टेनिस खिलाड़ी शांग जुनचेंग ने मंगलवार को एटीपी चेंगदू ओपन में इतिहास रच दिया। उन्होंने इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(4), 6-1 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता।

मैच के बाद, शांग ने घरेलू धरती पर अपना पहला खिताब जीतने पर अपनी खुशी व्यक्त की। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, यह रात अद्भुत है।आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अगले साल मिलते हैं! उभरते सितारे शांग 2021 में यूएस ओपन जूनियर उपविजेता रहे और 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना ग्रैंड स्लैम डेब्यू किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चेंगदू ओपन में, उन्होंने मुसेट्टी का सामना करने से पहले पूर्व विश्व नंबर चार केई निशिकोरी, पिछले साल के उपविजेता असलान करात्सेव और दूसरे वरीय आंद्रेई रुब्लेव को हराया। विश्व में 18वें स्थान पर काबिज मुसेट्टी पिछले साल चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

## आईसीसी रैंकिंग, विराट-रोहित का तगड़ा नुकसान, यशस्वी-पंत को हुआ बंपर फायदा





नई दिल्ली। आईसीसी रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारी नुकसान हुआ है. दोनों ही भारतीय सुपरस्टार ताजा रैंकिंग के अंदर टेस्ट में 5-5 पायदान नीचे पहुंच गए हैं. वहीं दूसरी तरफ ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है. इसके अलावा ऋषभ पंत टेस्ट की रैंकिंग में जायसवाल से सिर्फ एक पायदान नीचे हैं. जायसवाल तीनों फॉर्मेट की रैंकिंग में टॉप-5 के अंदर रहने वाले इकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं.

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट की बैटिंग रैंकिंग में 5 पायदान नीचे आने के बाद 716 प्वाइंट्स के साथ नंबर 10 पर काबिज हो गए हैं. इसके अलावा विराट कोहली 5 पायदान नीचे आने के बाद 709 प्वाइंट्स के साथ 12वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं. टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट अव्वल नंबर पर है. रूट के पास 899 प्वाइंट्स हैं. इसके अलावा वनडे की बैटिंग रैंकिंग में रोहित शर्मा नंबर 2 और विराट कोहली नंबर 4 पर मौजूद हैं, जबकि शुभमन गिल तीसरे नंबर पर हैं.

# कांग्रेस में शामिल होंगे वीरेंद्र सहवाग ?

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अपने बयानों को लेकर वैसे ही चर्चा में बने रहते हैं, अब वह चुनावी मैदान में उतरने को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं. क्रिकेट की पिच पर चौके-छक्के लगाकर गेंदबाजों का हाल खराब करने वाले सहवाग अब राजनीति के मैदान पर चौके छक्के लगाने के मूड में दिख रहे हैं. तो क्या है सहवाग की राजनीति का पूरा मामला? आइए जानते हैं.



दरअसल सोशल मीडिया पर इस बात का दावा किया जा रहा है कि सहवाग अब राजनीति की पिच पर उतरने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं. पूर्व भारतीय बल्लेबाज को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह कांग्रेस के प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी के लिए वोट मांग रहे हैं. क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर से नेता बने अनिरुद्ध चौधरी हरियाणा के तोशाम विधानसभा सीट से मैदान पर हैं. अनिरुद्ध बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष रह चुके हैं. हरियाणा विधानसभा के चुनाव 5 अक्टूबर से होंगे. सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि सहवाग ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कांग्रेस के अनिरुध चौधरी को सपोर्ट करते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में एक शानदार ट्रैक्टर रैली नजर आ रही है. सहवाग की इस वीडियो से ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि वह कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं.

## हिजबुल्लाह ने तेल अवीव के पास मोसाद बेस को बनाया निशाना, दागे रॉकेट



नई दिल्ली। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव चरम है और दोनों पक्ष एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। इस बीच हिजबुल्लाह ने बुधवार को कहा कि उसने तेल अवीव के पास मोसाद मुख्यालय को निशाना बनाकर रॉकेट दागे हैं। हिजबुल्लाह का कहना है कि मोसाद उसके नेताओं की हत्या करने, पेजर और वॉकी-टॉकी को उड़ाने के लिए जिम्मेदार है। हिजबुल्लाह इस वजह से भी भड़का हुआ है क्योंकि इजराइल की तरफ से बेरूत में किए गए हवाई हमलों में उसके एक वरिष्ठ कमांडर की मौत हो गई है। हिजबुल्लाह की तरफ से किए गए हमलों को इजराइल ने नाकाम कर दिया है। इजराइल की सेना ने कहा कि रॉकेट हमलों एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया जिसके बाद तेल अवीव में चेतावनी सायरन बज उठे। किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। सेना ने कहा कि मध्य इजराइल के लिए नागरिक सुरक्षा निर्देशों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# चीन से क्यों भाग रही है अमेरिकी कंपनियां, क्या यह भारत में निवेश को बढ़ावा देने का मौका है?

नई दिल्ली । दिसंबर 2023 में चीनी सरकार ने अपने कर्मचारियों और फर्म के लिए आईफोन इस्तेमाल करने पर बैन लगा दिया। जिसके बाद चीन में पिछले कुछ वर्षों में काम कर रही अमेरिकी कंपनियों की असहजता में इजाफा देखा गया।



आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल इससे कुछ दिन पहले ही चीन में अपने फोन का व्यापक उत्पादन कम करके भारत सहित कई देशों में जगह तलाश रही थी। इसके बाद एप्पल ने भारत में अपने आईफोन उत्पादन का कारखाना लगाया। यह सब यूं ही नहीं हुआ। दरअसल यह अमेरिका और चीन के बीच पिछले कई सालों के चल रहे 'ट्रेड वार' की एक वजह थी।

2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से अमेरिका और चीन के बीच 'ट्रेड वार' की शुरुआत हुई थी। ट्रंप का मानना था कि चीन अमेरिका से तकनीक और पैसे लेकर अमेरिका को ही सामान बेचता है, और पैसे कमाता है, लेकिन वह इसी तकनीक और पैसों के दम पर अमेरिका की ग्लोबल बॉस की छवि को चुनौती भी देता है। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के कुछ दिनों के बाद ही चीन के 6000 से अधिक उत्पादों पर, जिनकी आयात कीमत करीब 200 अरब डॉलर से ज्यादा थी, इन वस्तुओं पर अलग से 10 फीसदी शुल्क लगा दिया। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर इतना ही शुल्क लगा दिया। यहां से दोनों देशों के बीच शुरू हुआ 'ट्रेड वार'। इस 'ट्रेड वार' के शुरू होने से चीन में व्यापक स्तर पर उत्पादन और सेवाएं दे रही अमेरिकी कंपनियों को परेशानी होना शुरू हो गई। इसके बाद अमेरिका की बहुत सी कंपनियों ने सस्ते लेबर और प्रोडक्शन के लिए चीन का विकल्प ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में बनी ईवी गाड़ियों पर 100 फीसदी, सेमीकंडक्टर्स और सोलर सेल्स पर 50 फीसदी और लिथियम-आयन बैटरीज पर 25 फीसदी शुल्क लगाने के प्रस्ताव को अमेरिका में इस साल दो बार टाला जा चुका है। अमेरिकी कंपनियां भारत, वियतनाम, ताइवान जैसे हर उस देश में उत्पादन के लिए संभावनाएं टटोलने लगी, जहां स्थिर राजनीतिक माहौल में सस्ता लेबर और सर्विसेज मुहैया हो सके।

अमेरिकी कंपनियों की इस आपाधापी के बीच भारत सरकार ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 2020 में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन), पीएलआई स्कीम को लांच किया। पीएलआई स्कीम के तहत सरकार भारत में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना चाहती थी। यह उन कंपनियों को लाभ और वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए किया जाता है जो देश में निवेश करने के लिए सहमत होती हैं।

## ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूर्नामेंट: निहाल

लंदन। ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूर्नामेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं टूर्नामेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं।

सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है।

निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है। इस लीग में स्कोरिंग सिस्टम अलग-अलग रंगों में शैली में बदलाव को आमंत्रित करता है, जिससे यह और भी ज्यादा रोमांचक हो जाता है। योजनाएं लगातार विकसित होती रहती हैं। हालांकि अन्य खेलों को ट्रैक करना मुश्किल है, लेकिन मैं खिलाड़ियों की कुछ चालों से कुछ चीजें सीखने की कोशिश करता हूं ताकि यह पता चल सके कि क्या चल रहा है। दुबई में ग्लोबल चेस लीग के पहले सीजन ने दुनिया भर के शतरंज प्रशंसकों की कल्पना को आकर्षित किया।

***पैरासिटामोल समेत 53 दवाईयां ...***

वहीं इन दवा कंपनियों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करते हुए कहा कि जिन दवाओं का परीक्षण हुआ है। वे 'नकली' हैं। अगस्त में बैन की गई थीं 156 दवाएं- अगस्त में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने एक से ज्यादा संयोजन वाली 156 फिक्स डोज दवाओं (एफडीसी) पर प्रतिबंध लगा दिया था। एफडीसी उन दवाओं को कहा जाता है, जिनमें 2 या 2 से अधिक दवाओं के केमिकल (साल्ट) को निश्चित अनुपात में मिलाकर बनाया जाता है।

इस सूची में एसेक्लोफेनाक 50 एमजी और पैरासिटामोल 125 एमजी टैबलेट, पैरासिटामोल और ट्रामाडोल, टारिन और कैफीन के संयोजन और एसिक्लोफेनाक 50 एमजी और पैरासिटामॉल 125 एमजी टैबलेट समेत कई दवाओं पर रोक लगा दी थी।

***महाराष्ट्र के कई जिलों में..***

में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली और तेज बारिश के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश-मौसम विभाग ने कल के लिए पालघर और नासिक के लिए रेड अलर्ट और मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पुणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कुछ समय तक मौसम शुष्क रहने के बाद, बुधवार को मुंबई और उसके उपनगरों में सोमवार रात से शुरू हुई बारिश जारी रही।

***सौम्या चौरसिया को राहत...***

केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। जिसके बाद जांच में ईडी ने चल-अचल संपत्तियां जब्त की थी, जिनमें कई बेनामी भी हैं। आयकर विभाग का आरोप है कि ये स्कैम करीब 500 करोड़ रुपए का था।

# प्रथम पेज का शेष

***कांग्रेस में सर्जरी की कवायद...***

इसी तरह एनएसयूआई के परफार्मेंस का भी आकलन वरिष्ठ नेताओं ने किया है। यहां भी बदलाव को लेकर कवायद हो रही है। इधर छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस में भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति किया जाना है। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया था। इसी तरह छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष जनकराम ध्रुव के विधायक बनने के बाद उनके स्थान पर नए आदिवासी चेहरे को कमान सौंपा जाना तय है।

***जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण...***

जो नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) नेता एवं सांसद रूल्ला मेहदी के चचेरे भाई हैं। नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रविंदर रैना की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होगा। भाजपा प्रमुख को विधान परिषद के पूर्व सदस्य सुरिंदर चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है, जिन्होंने नेकां के टिकट पर चुनाव लड़ा है। अन्य प्रमुख उम्मीदवार जिनके भाग्य का फैसला दूसरे चरण में हुआ है, उनमें सेंट्रल-शालटेंग से कांग्रेस जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष तारिक कर्रा, चन्नापोरा से अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी, गंदेरबल और बीरवा से जेल में बंद मौलवी एवं अलगाववादी नेता सरजन अहमद वागे, खानयार से नेकां नेता अली मोहम्मद सागर, चरार-ए-शरीफ से रहीम राथर, लाल चौक से भाजपा नेता ऐजाज हुसैन, बुढाल से चौधरी जुल्फिकार और सूरनकोट से सैयद मुश्ताक बुखारी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ मतदान प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया बिना किसी अप्रिय घटना के पूरी हुई। इससे पहले दिन में, निर्वाचन सदन में मीडिया से बातचीत करते हुए, श्री कुमार ने कहा कि यह चुनाव 'इतिहास रचने वाला' हैं, जिसकी गूंज आने वाली पीढ़ी तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जो घाटियां और पहाड़ कभी भय, आतंक और बहिष्कार का गवाह बनते थे, वे अब लोकतांत्रिक उत्सव या 'जश्न-ए-जम्हूरियत' में हिस्सा ले रहे हैं। दूसरे चरण में जिन छह जिलों की 26 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए 3502 मतदान केंद्र बनाये गये वहां मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाला। इस चरण में 233 पुरुष और छह महिला उम्मीदवारों सहित 239 उम्मीदवारों ने अपना किस्मत आजमाया है। दूसरे चरण में केंद्रों पर 13,000 से ज़्यादा मतदान कर्मचारी तैनात किये गये हैं। हर मतदान केंद्र पर बहु-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है, ताकि भयमुक्त माहौल में मतदान सुनिश्चित हो सके। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करीब एक दशक बाद हो रहे हैं। पहला चरण 18 सितंबर को हुआ था, जिसमें 61 प्रतिशत से ज़्यादा मतदान हुआ था और आखिरी चरण का मतदान एक अक्टूबर को होना है। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी और पूरी चुनाव प्रक्रिया 10 अक्टूबर तक संपन्न हो जायेगी।

***सीजीपीएससी में आर्टिफिशियल ...***

आवेदन के समय अपलोड की गई तस्वीर का 102 बिंदुओं को आधार बनाकर मिलान किया जाएगा। इस दौरान अपलोड दोनों तस्वीरों में अंतर मिलने पर परीक्षा कक्ष में खींची गई तस्वीर का देशभर में पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में शामिल लगभग पांच लाख अभ्यर्थियों की तस्वीर से मिलान करने की व्यवस्था है। इसके अलावा आधार प्रमाणीकरण की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है।

# शतरंज ओलंपियाड जीतने वाली भारतीय टीम के लिए ईनामी राशि का ऐलान



नई दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों के लिए ईनामी राशि का एलान किया है। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने बुधवार को सम्मान समारोह के दौरान घोषणा करते हुए बताया कि ओलंपियाड में जीतने वाली टीमों को तीन करोड़ 20 लाख रुपये की ईनामी राशि दी जाएगी।

विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायण को 15-15 लाख रुपये दिए जाएंगे। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोचों को 7.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। एआईसीएफ के अध्यक्ष नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहा, स्वर्ण की भूख हंगरी में जाकर खत्म हुई, लेकिन सफलता की इच्छा आगे भी जारी रहेगी। ओपन वर्ग में हमने दबदबा रखा और महिला वर्ग में हमने जीत छीन के ली। शतरंज बोर्ड पर हमारे खिलाड़ी शार्प शूटर साबित हुए। विश्वनाथन आनंद ने जो बीज बोया था वो अब पेड़ बन गया है। भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल किया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता था। पुरुष टीम ने 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया और महिला टीम ने अजरबैजान को इसी अंतर से हराया था।

# सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश शीघ्र ही निर्माण स्वीकृत की मांग रखी



ग्रामीणों ने दी चक्काजाम करने की चेतावनी

बांधाबाजार (दावा)। जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार के आश्रित ग्राम खोराटोला, जोशीलमती, फगडूटोला दंतर गुण्डरा, राजाटोला अलीवारा देसिंगटोला, आमाटोला, सिंघाभेड़ी, गर्रापार, खोराटोला, मांझीटोला, बीटाल, कोलियारी, कोलिहालमती, पठान ढोड़गी, थैलीटोला, दतरेंगाटोला, मावलीचुवा, केशाल, दैहान, हर्राटोला, चिरचारी, बेलरगोंदी सहित आसपास के लगभग 40 से 50 गांवों के ग्रामीणों द्वारा मांग किया गया है कि छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार के आश्रित ग्राम खोराटोला से ग्राम पंचायत रैनूटोला के आश्रित ग्राम चौकी खोराटोला की दूरी मात्र एक किलोमीटर दूरी पर सड़क डामरीकरण नहीं होने के कारण आसपास गांव के किसानों एवं पढ़ने वाले बच्चों को आवागमन में काफी दिनों से असुविधा हो रही है। जिसके कारण आसपास के ग्रामीणजन नाराज हैं। उक्त सड़क मार्ग आवागमन की दृष्टिकोण से प्रमुख एवं प्रचलित रास्ता है। इस प्रमुख रास्ता के छोड़ अन्य और कोई भी रास्ता नहीं है। उक्त शेष एक किलोमीटर सड़क को डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य हेतु आसपास के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन आज पर्यन्त स्वीकृत नहीं होने से आसपास गांव के ग्रामीणजनों में रोष व्याप्त है। उक्त सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति की मांग हेतु सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य की मांग की है। सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आसपास के लगभग 40 से 50 गांवों के ग्रामीणों द्वारा बांधाबाजार में चक्काजाम की चेतावनी दी है। सड़क निर्माण कार्य के मांग करने वाले में प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू, सरपंच बालमुकुंद कुंजाम, कोमल साहू, संतोष कुमार, लोमनसिंह धुर्वे, रामकुमार साहू, यादव राम साहू, दयादास पटेल, तुलसीराम, भानू, लक्ष्मण, चित्रांगन साहू, कृष्णा राम चन्द्र वंशी, नागेश पोर्ते, खिलेश्वर पोर्ते, भागवत कस्तूरे सहित आसपास के ग्रामीणों ने मांग किया गया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया



मोहला (दावा)। 9 भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आरक्षण खत्म करने जैसे देश विरोधी बयान देने वाले कांग्रेस नेता लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन आज 21 सितंबर को जिला मुख्यालय मोहला दुर्गा चौक में किया गया प्रभारी के रूप में अतिथि नीरेंद्र साहू डोंगरगांव ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकरणीय सदस्य, कार्यक्रम मे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरूण यादव, धरम जीत सिन्हा डीजे जिला महामंत्री, गोपाल कौशिक महामंत्री, वरिष्ठ खोरबाहरा यादव, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, देवकी नेताम, रतन तारम, लखन कलामें, प्यारे जयसवाल, बोधन साहू, दिगंबर सिन्हा, अनिल गुप्ता, और महिला मोर्चा की पूरी मातृत्व शक्ति, मोनू वर्मा और युवा साथी की पूरी टीम सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 2 अक्टूबर तक



**डोंगरगढ़ (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को उजागर करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जाना है।**

जिसके तहत गत दिनों स्वच्छता ही सेवा है, की भावना के साथ उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष, अमित जैन अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा पार्षद, राकेश कुमार अग्रवाल पार्षद, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील कुमार (चिकू) जैन, प्रकाश जैन, डी. एकेश राव पार्षद, हरीश मोटघरे पार्षद व सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली यात्रा को प्रारंभ कर आम जनता को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

इसके साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत शा.उ.मा.वि.क. शाला डोंगरगढ़ में जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छता दीदी तथा शाला के छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण एवं लक्ष्मीनारायण अवग्रवाल द्वारा शपथ दिलाया गया।

# स्वाईन फ्लू के मरीजों का चिन्हांकन कर करें आईसोलेट और ईलाज - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में स्वाईन फ्लू के मरीजों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वाईन फ्लू फैलने वाली बीमारी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वाईन फ्लू के लक्षण और बचाव के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने टेस्ट की संख्या बढ़ाने कहा। उन्होंने स्वाईन फ्लू के मरीजों की जांच कर उन्हें आईसोलेट करने कहा। स्वाईन फ्लू के मरीजों का चिन्हांकन कर ईलाज करने कहा, साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएमओ को ग्रामीण क्षेत्र में स्वाईन फ्लू के मरीजों का चिन्हांकन और ईलाज करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय होकर कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में रोड कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छे से मुहैया होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिलेवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इस दिशा में व्यवस्थित एवं मजबूती से कार्य करने की जरूरत है। जनसामान्य का स्वास्थ्य प्राथमिकता है। विकासखंडवार संस्थागत प्रसव की समीक्षा की तथा डिलिवरी के लिए ट्रेकिंग सिस्टम बनाने की बात कही।



कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ली संयुक्त बैठक

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्भवती माताओं को चिन्हांकित करते हुए उनके स्वास्थ्य परीक्षण तथा पोषण के संबंध में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए उनका चिन्हांकन करते हुए एक व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि गर्भवती माताओं की जानकारी के साथ ही प्रसव की सूचना भी प्राप्त हो सके। शासन की इससे जुड़ी हुई बहुत सी योजनाएं हैं, जिससे उन्हें लाभान्वित करना है। एएनसी करने के पश्चात गर्भवती माताओं को लक्षित करते हुए कार्य करें। पंजीयन के लिए कोई भी गर्भवती महिला नहीं छूटे। उन्हें समय पर शत प्रतिशत वैक्सीन लगाने के साथ ही शासन की योजना का लाभ मिल सके यह सुनिश्चित करें। गर्भावस्था के दौरान ही शिशु के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। गर्भवती माताओं को दो लोगों के लायक अतिरिक्त आहार और समय पर दवाईयां के सेवन की सलाह देने कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को किए जा रहे, टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पर विशेष ध्यान देते हुए समय पर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं एनएनएम को ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करना होगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूली बच्चे और आंगनबाड़ी के बच्चों पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। स्वास्थ्य से संबंधित सभी शासकीय योजनाओं को बहुत अच्छे तरीके से संचालित करने कहा। उन्होंने कहा कि चिरायु योजना के अंतर्गत टेस्ट अधिक से अधिक करने कहा। जिससे सही समय में बच्चों का चिन्हांकन हो सके और उनका ईलाज शुरू हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्कूलों में स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में जानकारी देने कैम्प आयोजित करने कहा। स्कूली छात्राओं को हिमोग्लोबिन की कमी से क्या-क्या समस्याएं होती है और जीवन में आनी वाली दिक्कतों के संबंध में जागरूक करने कहा। उन्होंने स्कूली छात्राओं को खान-पान के प्रति जागरूकता के साथ दवाईयों के सेवन करने के तरीके के बारे में बताने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जन्म से कम वजन वाले बच्चों का चिन्हांकन कर उनकी मां और परिजनों को जागरूक करने कहा। उन्होंने निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों को दवाईयों के साथ अच्छे खान-पान की जानकारी देने कहा। बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ-मृत्यु दर, सिकल सेल, शिशु मृत्यु दर, लिंगानुपात, फाइलेरिया, डेंगू, टीबी एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रदीप बैग, सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी, डॉ. पवन जेठानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री भूमिका वर्मा, सभी कार्यक्रम के जिला सलाहकार, सभी विकासखंड के खंडचिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश 30 तक

डोंगरगढ़ (दावा)। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2024-25 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक किया जा सकता है।

अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.एस.सी. बी.कॉम, बी.बी.ए. एवं बी.लिब. तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अंतर्गत एम.ए. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एम.ए. शिक्षा, एम.ए. छत्तीसगढ़ी, एम.कॉम., एम.एस.सी. गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एम.एस.डब्ल्यू, एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में 30 सितम्बर तक प्रवेश लिया जा सकता है।

# रासेयो बैच के महत्व को रेखांकित किया - जे.के. वैष्णव



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 24 सितम्बर मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस प्राचार्य डॉ जे.के. साखरे के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव, विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेश आडवानी, प्रो. सतीश कुमार, डॉ. मेधाविनी तुरे, डॉ. उमेंद चंदेल, होमन साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित एवं रासेयो गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना, उद्देश्य एवं महत्व को विस्तार से बताते हुए रासेयो बैच के सजग प्रहरी, सेवाभाव को रेखांकित किया। पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के अपने दायित्वों की जानकारी देते हुए नियमित गतिविधियां, गोदग्राम एवं सात दिवसीय शिविर में छात्रों के कार्यों को समझाया। प्रो. सुरेश आडवानी ने स्वामी विवेकानंद के उठो जागो और तब तक विश्राम मत करो जब तक लक्ष्य प्राप्त न कर लो को बताया। प्रो. सतीश कुमार ने रासेयो छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया। डॉ मेधाविनी तुरे ने संस्कृत श्लोक गाते हुए वसुधैव कुटुम्बकम को पारिभाषित किया, साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना में छात्र छात्राओं की अहम भूमिका की प्रसंशा की। डॉ उमेंद चंदेल ने कविता के माध्यम से अपने विचार रखे। छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य पर मोमेंट एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया जिसमें टिकेन्द वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, सुमन साहु, चितरेखा बघेल, उषा बंजारे, नीतेश, गिरवर साहु, भूपेन्द्र वर्मा आदि रहे। कार्यक्रम संचालन टिकेन्द्र वर्मा आभार प्रदर्शन लीना वर्मा ने किया। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुर्ग जिला पेंशनर एसो. की बैठक संपन्न

दुर्ग (दावा)। पेंशनर एसोसिएशन की प्रथम मासिक बैठक 21 सितंबर को रखी गई। प्रांताध्यक्ष डॉ. के.एल.टांडेकर, महामंत्री केपी सिंह, प्रांतीय संगठन सचिव श्रीमती हसीना खान, एस.के.सिंह, बलदेव, राजेश कुमार रथी, माहेश्वरी, दुबे जी, इंजीनियर जी.आर देवांगन, दीपक कुमार सिंह, गेंदराम देवांगन, बी.टी.वाल्दे, दुर्ग जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, संरक्षक डीपी साहू, कांता सोहल, रफीक खान एवं अन्य पदाधिकारीगण की उपस्थिति में हर्ष उल्लास के साथ बैठक संपन्न हुई। राजनांदगांव से आए पदाधिकारीगणों के स्वागत पश्चात नए सदस्यों का सम्मान किया गया। आर.डी.चतुर्वेदी, आरसी नेमा, पवन पांडे, आर्य चौबे, आर्य सुखदेव, दुलार दास साहू, श्रीमती रीना सान्याल, युगल वर्मा, तिलोत्तमा देवांगन को सम्मान किया गया एवं सदस्यता प्रदान की गई।

# राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में विनोद कुमार टेम्बुकर हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उपस्थिति में, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रत्येक वर्ष सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवियों, कार्यक्रम अधिकारी जिला संगठकों का चयन कर सम्मानित किया जाता है।

वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजनांदगांव जिले से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित किया गया। विनोद टेम्बुकर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे.प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में जिला संगठक जिला राजनांदगांव डॉ. एस.के.पटेल संस्था प्राचार्य श्रीमती अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में लगातार समाजसेवा के विभिन्न आयामों से जुड़कर रासेयो के साथ जुड़कर सेवा कार्य करते है।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से इस वर्ष 2 स्वयंसेवियों का चयन हुआ। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर राजनांदगांव जिले से स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर का चयन किया गया। जिसे 23 सितम्बर को रासेयो स्थापना दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्य एन.एस.एस अधिकारी सुश्री डॉ. नीता बाजपेयी, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन सचिव प्रसन्ना आर (भा.प्र.से.), एवं अन्य अधिकारीयों द्वारा सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक विनोद इस सम्मान समारोह में अपने परिवार के साथ शामिल हुयें और अपने साथ सम्मान लेने अपनी माँ के साथ मंच में गए। स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर पिता शत्रुहन टेम्बुकर, माता आशा बाई टेम्बुकर राजनांदगांव जिले के प्रथम रासेयो राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक है। स्वयंसेवक विनोद हमेशा निःस्वार्थ भाव से एच्छिक एवं जिला प्रशासन के साथ-साथ कई संस्थाओं के मिलकर समाज में बदलाव के लिए समाज सेवा कर रहे है। आज उसकी मेहनत रंग लायी और उन्हें राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित हुए।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक के साथ परिवार से स्वयंसेवक के जीजाजी केशव जामुलकर, दीदी चमेली जामुलकर भाई कुलेश्वर, भाभी पूनम और स्वयंसेवी साथी चंद्रप्रकाश साहू, साहिल देवांगन शामिल हुए।

# हिंदी दिवस पर वाद- विवाद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ में संकुल स्तरीय हिंदी दिवस पर पूजन-वंदन कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किरण मिश्रा प्राचार्य शा. हाईस्कूल सेंदरी, विशेष अतिथि लेखराम वर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक रहे।



संकुल स्तरीय हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रम

हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। जिसमें वाद-विवाद, विषय वस्तु बाल विवाह, प्लास्टिक समस्या एवं समाधान, मोबाइल क्रांति से लाभ-हानि, वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एवं कारखाने, भाषण, निबंध प्रतियोगिता, स्काउट गाईड टोलीवार, दल स्तर पर हुए। कार्यक्रम में टाइमर टीकम दास साहू निर्णायक, गोकुल दास जंघेल राज्य पुरस्कार व्याख्याता ने किया। प्राचार्य मिश्रा ने हिंदी की महती आवश्यकता लेखन, पठन, अधिक पुस्तकों का अध्ययन स्कूल घर में बोलचाल के लिए प्रेरित किया।

लेखराम वर्मा ने हिंदी दिवस पर शासकीय हाईस्कूल विहा सेन्दरी शेर टोली, सूरजमुखी कोयल टोली व कमल टोली का स्थान सर्वोपरि रहा। रामधारी सिंह दिनकर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के कविताएं जैसे कृष्ण का चेतावनी रश्मिरथी, इलाहाबाद के पद पर का पाठ किया। दल स्तर कार्यक्रम में शामिल स्काउट गाइड को अध्यक्ष दविंदर भाटिया ने कार्यक्रम की सराहना कर शुभकामनाएं दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौर ने भी बच्चों की मंगल कामनाएं की।

# राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता बनी जानवी साहू



डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2024-25 के तहत, विकासखंड डोंगरगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा में कक्षा 10वी में अध्यनरत छात्रा, कु. जानवी साहू पिता धर्मेंद्र साहू, ने राज्य स्तरीय एसजीएफआई कराते प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

जगदलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में जानवी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर गोल्ड मेडल जीतकर दुर्ग संभाग, जिला राजनांदगांव, विकासखंड डोंगरगढ़, ग्राम मुसरा और शाला के साथ-साथ स्पोर्ट्स अकादमी मुसरा का नाम गौरवान्वित किया।

जानवी साहू की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विष्णु लोधी ने जानवी साहू के निवास पर पहुँचकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई और शुभकामनाएँ दीं। विष्णु लोधी ने जानवी के इस प्रदर्शन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने जानवी साहू के परिवार और शिक्षकों की भी सराहना की।

# कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वयंसेवक मिथिलेश कुमार के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के बारे छात्र-छात्राओं को संक्षिप्त परिचय कराया गया।



महाविद्यालय स्वयंसेवा योजना उपदल नायिका कुमारी पूजा देवांगन ने बताया कि इस इकाई के माध्यम से शिक्षा के साथ साथ स्वयं व्यक्तित्व का विकास होता है। अथिति उद्बोधन में डॉ हेमलता गायकवाड ने कहा कि एनएसएस इकाई से नैतिक मूल्यों और सशक्त समाज का निर्माण होता है। प्रो मनोहर बोकड़े द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना स्थापना दिवस की जानकारी देते हुए निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा में अपना योगदान देने के लिए संकल्पित कराया गया। कार्यक्रम का संचालन रितेश कुमार स्वयंसेवक ने किया तथा अजय कुमार यादव राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना दल नायक ने अपना अनुभव साझा करते हुए आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना स्थापना दिवस में अरुण कुमार साहू, सुश्री सोनल नागवंशी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, रूपेश बंसोड़, सूर्यकान्त वर्मा, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू तथा समस्त स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# पुलिस ने नाबालिग को लात-जूतों, पाइप से पीटा, सिर फूटा तो थाने से बाहर फेंका, गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था, छुरिया टीआई लाइन अटैच

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया में नाबालिग की बर्बरता से पिटाई के मामले में टीआई अवनीश श्रीवास को लाइन हाजिर कर दिया गया. एसपी मोहित गर्ग ने मामला सामने आने के बाद कार्रवाई की है. वहीं उनकी जगह अब संतोष कुमार भुआर्य को नया थाना प्रभारी बनाया गया.



थाने में पुलिस वालों ने किशोर को बेरहमी से पीटने और बेहोश होने पर उसे थाने के बाहर फेंक दिया था.

### नाबालिग को बेहोश होने तक पीटा

किशोर के भाई मनीष चक्रधारी ने बताया कि मेरे भाई के साथ पुलिस वालों ने मारपीट की है खबर मिली. थाने के सामने ही आईटीबीपी का एक कैम्प है. आईटीबीपी के जवान ने भाई के जेब से मोबाइल निकालकर हमें कॉल किया. जब हम थाना पहुंचे तो वह बाहर में बेहोश पड़ा हुआ था. नाबालिग के भाई का आरोप है कि थाने में किशोर को बेरहमी से पीटा गया और बेहोश होने पर उसे थाने के बाहर फेंक दिया गया. सूचना मिलने पर परिजन छुरिया पहुंचे और इलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती करवाया गया है. फिलहाल उसका इलाज जारी है.

### यह है पूरा मामला

दरअसल यह पूरी घटना छुरिया थाना क्षेत्र का है. मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है. रसमड़ा निवासी एक नाबालिग अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने कुमर्रा छुरिया गया था। किशोर गर्लफ्रेंड के घर पहुंचा था. उसी समय उसकी दादी घर पर पहुंच जाती है। जिसके बाद दादी के डर से दोनों घर में अपने आप को बंद कर लिया। इसके बाद दोनों ने 112 डायल में कॉल करके पुलिस से मदद मांगी। टीम पहुंचने के बाद दरवाजा खोलकर दोनों बाहर आए। इसके बाद नाबालिग को थाना ले जाया गया.

# गरबा व दुर्गा उत्सव समितियों ने स्वतः ही डीजे का संचालन नहीं करने का लिया निर्णय



- कलेक्टर व एसपी ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों की ली बैठक
- समितियों ने पारंपरिक और धार्मिक तरीके से क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाने का लिया निर्णय
- समितियों ने पारंपरिक और धार्मिक तरीके से क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाने का लिया निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में गरबा उत्सव व दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। बैठक में सूरज बुद्धदेव ने गुजराती समाज द्वारा नवरात्र गरबा में डीजे का उपयोग नहीं करने की घोषणा से अवगत कराया। जिस पर सभी दुर्गा उत्सव समितियों ने स्वतः डीजे का संचालन मूर्ति स्थापना, गरबा, विसर्जन सहित नवरात्रि पर्व के दौरान अन्य आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया है। समितियों ने पारंपरिक तरीके से नवरात्रि पर्व मनाने का निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समितियों द्वारा डीजे का उपयोग नहीं करने के निर्णय का स्वागत किया और अच्छे माहौल एवं वातावरण में नवरात्रि पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व में समितियों द्वारा डीजे नहीं बजाने का यह निर्णय बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम होते रहे और लोगों को भी तकलीफ नहीं हो यह ध्यान रखें, जिससे व्यवस्थाएं अच्छी बनी रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि संस्कारधानी का नाम एक-दो साल से नहीं बना है, बल्कि यह बहुत पुराना है। 100 साल पहले संस्कारधानी नाम पड़ा है। पूर्वजों ने जो मेहनत, सोच और समझकर जो इस शहर में शुरूआत की है, जिसके कारण इस शहर का नाम संस्कारधानी पड़ा है। शहर में अभी भी कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और सभी मिलजुलकर आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के समय बहुत सारी समितियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के 9 दिन आयोजन होता है और साथ में गरबा एवं विसर्जन का भी आयोजन होता है, उसे धार्मिक तरीके से और बहुत अच्छे वातावरण में सभी के सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आयोजन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पृथक-पृथक अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दुर्गा उत्सव समितियों से कहा कि ऐसा कार्य करें, जिससे अन्य लोगों को तकलीफ एवं दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा के लिए साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक कर सकते हैं। शहर में गरबा के आयोजन के देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही साउंड सिस्टम संचालित करने कहा। उन्होंने गरबा को धार्मिक और सामाजिक तरीके से आयोजन करने कहा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, राजनांदगांव शहर के थाना प्रभारी सहित दुर्गा व गरबा उत्सव समिति के श्रीमती शारदा तिवारी, लोहाणा समाज से सूरज बुद्धदेव, पाटीदार समाज से नरेश पटेल, बसंत भाई पटेल, कच्छ गुर्जर समाज से ईश्वर भाई राठौर, न्यू सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति, श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति दुर्गा चौक, नवयुवक दुर्गात्सव समिति चिखली, संस्कारधानी गरबा उत्सव शिवनाथ वाटिका, सिंधु गरबा उत्सव समिति, कृष्ण दुर्गा उत्सव समिति, श्री लोहाणा महाजन, श्री पाटीदार समाज, श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज, श्री गंज मंडी दुर्गात्सव समिति, लॉयन क्लब राजनांदगांव, 18 एकड़ पुराना पुलिस लाईन दुर्गा उत्सव समिति एवं अन्य दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# समदा अस्पताल को आयुष्मान भारत के तहत सराहनीय कार्य के लिए हुआ सम्मान



राजनांदगाव(दावा)। समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, वी.आई.पी रोड, बसंतपुर, राजनांदगाव को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत के तहत जिले में सराहनीय कार्य प्रदर्शन करने हेतु जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान हेतु समदा अस्पताल के संचालक एवं गैस्ट्रोएंट्रोलॉजीस्ट डॉ. रोमिल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस पर डॉ. रोमिल जैन ने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड से समदा अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीज के भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज किया जाता है।

संचालक डॉ निखर जैन ने बताया कि समदा अस्पताल आगे भी आम जनता के स्वास्थ्य लाभ के प्रति सजकता से कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। समदा अस्पताल को दिए गए इस सम्मान के लिए डॉ. रोमिल जैन ने जिला कलेक्टर, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आयुष्मान विभाग के अधिकारी एवं समस्त स्वास्थ्य कार्यालय के कर्मचारीयों का आभार व्यक्त किया है. साथ ही इसका श्रेय समदा अस्पताल के सभी विशेषज्ञ डॉक्टर, ड्यूटी डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ, आयुष्मान विभाग के कर्मचारी एवं समस्त कर्मचारियों को दिया है। उपरोक्त जानकारी अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर आशीष युसुफ द्वारा दी गयी।

# नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से देश सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेगा- अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। सदस्यता अभियान पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया अभिषेक सिंह ने और कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ देश के प्रति नकारात्मक फैलाई। राजनांदगांव, मोर बूथ मोर अभियान के तहत आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव के विधानसभा के बूथ 179 पारीखुर्द में पहुंचकर सदस्यता अभियान के तहत ग्रामवासियों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई,और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी भाजपा की स्थिति मजबूत हो रही है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमरीका प्रवास का विशेष जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी ने इस दौरे से अमेरिका व भारत विरोधियों को कड़ा सन्देश दिया है। श्री सिंह ने कहा कि न्यूयॉर्क में 25 हजार भारतीय जन समूह को सम्बोधित करके अमेरिका व उसके पिट्ठूओं एवं पुरी दुनिया को मोदी जी ने दिया करारा जवाव दे दिया है कि अब भारत बदला हुआ भारत है, भारत किसी के दवाव में आकर कार्य करने वाला नही है,अब भारत किसी के पीछे चलने वाला भारत नही है, ये बदला हुआ भारत है, अब



नई व्यवस्था बनाता है, अब भारत नेतृत्व कर रहा है और नेतृत्व करेगा,पहले भारत समान दूरी के आधार पर चलता था और अब भारत सबसे सामान नजदीकी के आधार पर आगे बढ़ रहा है। आज का भारत किसी के दिशा निर्देशों पर चलने वाला नहीं है स्वयं अपने मापदंड निर्धारित कर आगे बढ़ रहा है। हमें किन से मिलना है किन से नहीं मिलना यह हम स्वयं तय करेंगे। राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोपरि है उसके लिए जो आवश्यक है वह सब करेंगे।

पिछले 10 सालों में हमारी नीतियों के कारण इतने सारे बड़े बदलाव संभव हो पाए। अब भारत अवसरों का इंतजार नहीं करता, अब भारत अवसर निर्माण करता है। अभिषेक सिंह ने मोदी सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक दशक में 25 करोड लोगों को गरीबों की रेखा से सबको अवसर दिलाकर बाहर निकाला है।

श्री सिंह ने कहा कि पिछले दौरे में राहुल गांधी ने अमेरिका में बयान दिया था की भारत में 90 प्रतिशत लोगों अवसर प्रदान नही किये जा रहे है, इसलिए में राजनैतिक नेता होने के कारण भारत में रहना ही नही चाहता? राहुल गाँधी ने भारतीयों को क्षेत्रवाद, भाषा वाद, सम्प्रदाय आदि के आधार पर बांटने का बयान दिया था, सरदारों के पगड़ी, कड़े आदि पर भी उन्होंने अनर्गल टिप्पणी की थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने सभी भारतीयों को राष्ट्रीय दूत और 140 करोड़ भारतियोंको एक सूत्र में पिरोने का बयान दिया, सभी से भारत माता की जय बुलवाई। अमेरिका की फुट डालों राजकरों की नीति को फेल किया। अमेरिका की डिप स्टेट को भारत के चुनावों को लेकर स्पष्ट संदेश दे दिया है भारत में 140 करोड़ भारतीयों का लोकतंत्र है, बड़ी कुशलता व शांति के साथ मतदान हुआ और भारतीय जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना है जो 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास का परिणाम है।

अभिषेक सिंह ने बताया की मोदी जी ने स्पष्ट तौर पर अमरीका में कहा कि दुनिया में शांति स्थापित करनी है तो एनए जैसी संस्थाओं में सुधार करने की आवश्यकता है, जो रूस उक्रेन जैसे युद्धों को रोकने में नाकामयाब रही है। मोदी जी के इस दौरे से पूरी दुनिया प्रभावित है और अभिषेक सिंह ने आश्वस्त होते हुए कहा कि भारत को आने वाले समय में बहुत बड़े लक्ष्य साधने है, जिनके द्वारा भारत एक सशक्त आत्मनिर्भर सुरक्षित राष्ट्र बनेगा। सदस्यता अभियान के अवसर पर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, महामंत्री मनोज साहू, पारीखुर्द के सरपंच बुद्धेश्वर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने श्रीमती विद्या सागोंडे के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अग्रिम सहयोग राशि 1 लाख 50 हजार रुपए का चेक किया प्रदान



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित रेडक्रास सोसायटी से श्रीमती विद्या सागोंडे के नाम से पति रितेश सागोंडे को किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जॉच के लिए 1 लाख 43 हजार रूपए का चेक श्री रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के नाम से एवं 7 हजार रूपए का चेक श्रीमती विद्या सागोंडे के नाम से द्वितीय किस्त के रूप में प्रदान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मरीज के पति श्री रितेश सागोंडे को राशि 20 हजार रूपए का चेक जिले में संचालित रेडक्रास सोसाईटी से दस्तावेज तैयार किये जाने हेतु अग्रीम राशि प्रदाय किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय अग्रीम राशि 20 हजार रूपए की मदद से मरीज के पति रितेश सागोंडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट से पूर्व आवश्यक सभी दस्तावेज तैयार कर लिया गया हैं।

श्रीमती विद्या सांगोडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान किये जाने के संबंध में शासन से आग्रह किया गया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संचालक श्री रामकृष्ण अस्पताल रायपुर डॉ. संदीप दवे से किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में आवश्यक जानकारी ली गई। अस्पताल संचालक श्री राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जॉच के संबंध में 1 लाख 50 हजार रूपए का इंस्टीमेंट प्रदाय किया गया हैं।

अस्पताल संचालक श्री रामकृष्ण अस्पताल रायपुर ने बताया कि मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जांच पूर्ण होने के बाद जॉच रिर्पोट के आधार पर श्रीमती विद्या सागोंडे के किडनी ट्रांसप्लांट की अग्रीम प्रक्रिया डॉक्टर श्री राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, सिविल सर्जन डॉ. यू.एस. चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री भूमिका वर्मा, जिला प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी प्रदीप शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अतुल रायजादा बने समिति अध्यक्ष, शहर में खुशी की लहर



राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदनानुसार 25 सितंबर को शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर अतुल रायजादा को बनाया गया है। श्री रायजादा को शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित भाजपा के कार्यकर्ता उनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

शा. दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के नए अध्यक्ष के रूप में अतुल रायजादा की नियुक्ति पर पूरे शहर में उत्साह और खुशी का माहौल है। अतुल रायजादा जो पूर्व में नगर निगम के पार्षद एवं अध्यक्ष रह चुके हैं, और वर्तमान में भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष भी हैं, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाएंगे।

इस अवसर पर अतुल रायजादा ने विशेष रूप से यह भी कहा जिस कॉलेज में मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की, आज उसी कॉलेज में अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय के हित में और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर काम करूं। श्री रायजादा के अध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही न केवल उनके समाज में, बल्कि पूरे शहर में लोगों ने खुशी जाहिर की। अतुल रायजादा ने महाविद्यालय के विकास और छात्रों की शैक्षिक उन्नति के लिए हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। उनकी इस नई जिम्मेदारी से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और शहर को एक नई दिशा और प्रगति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हरियाली बहिनी अभियान तहत '22 पेड़ जिन्दगी के नाम'



राजनांदगांव (दावा)। 22 पेड़ जिन्दगी के नाम का अभियान हरियाली बहिनी द्वारा चलायी जा रही है। इसका उद्देश्य एक व्यक्ति को अपनी जीवन काल में 14 आक्सीजन, 8 फर्नीचर, जलाऊ लकड़ी, देह संस्कार इत्यादि के लिए 22 पेड़ की आवश्यकता होती है। इसको देखते अभियान की आवश्यकता थी प्रारंभ में 150 लोगों को 22 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वे स्वयं एवं लोगों को प्रेरित करते हुए 22 पेड़ बनते तक सतत मॉनिटरिंग करेंगे।

हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिवकुमार देवांगन ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 गाँधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होगी। जहाँ पर 22 पेड़ बनाने की जिम्मेदारी लेते हुए आम का वृक्षारोपण करेंगे। पौधे का रोपण घर-बाड़ी, खेतों के मेढ़ एवं सुरक्षित स्थान पर करेंगे ताकि 20 हजार पेड़ बनाने की मुहिम को सफल बनाया जा सके। प्रारंभ में हरियाली बहिनी द्वारा लोगो को कम से कम 10 पेड़ लगाने प्रेरित किया गया इसके परिणाम स्वरूप लगभग 15 हजार पौधे लगाये गये। वहीं तीज के अवसर पर भाई अपनी बहन के हाथों पौधे लगाने अभियान से 4 हजार पौधे लगाये गये। 20 पेड़ जिन्दगी के नाम अभियान से लगभग 3 हजार आम के पौधे लगाने गाँव-गाँव बैठक एवं सम्पर्क कर प्रेरित की जा रही है। इस अभियान में जुड़ने अपील की जा रही है। सम्पर्क मोबाइल नंबर 9301745406 से कर सकते हैं।

# परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जायेगी अग्रसेन जयंती

## सप्ताह भर चलता है जयंती महोत्सव, जोर शोर से चल रही है तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। अग्र कुल संस्थापक भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाने स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रसेन जी की जयंती प्रतिवर्ष आश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम् को मनाई जाती है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि आगामी 3 अक्टूबर गुरुवार को भगवान श्री अग्रसेन जी की 5148 वीं जयंती का मुख्य समारोह अग्रसेन भवन में दोपहर 03.00 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी नेतराम अग्रवाल भिलाई होंगे। समारोह की अध्यक्षता युवा उद्यमी एवं समाजसेवी सुनील शंकरलाल अग्रवाल कामठी (महाराष्ट्र) करेंगे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्तियों का सम्मान तथा समाज के मेधावी विद्यार्थियों का स्वर्ण एवं रजत पदक द्वारा सम्मान किया जाएगा। साथ ही नारी गरिमा एवं अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद स्मृति शेष अग्र विभूति श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की सौम्य एवं शालीन छवि अभिव्यक्त करने वाली तस्वीर का लोकार्पण आगत अतिथियों द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण करेगी।

यह जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जयंती महोत्सव पूरे एक सप्ताह तक चलता है। आगामी 27 सितंबर प्रातः 10.00 बजे शुक्रवार को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। जिसके मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल होंगे।



अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, कोशाध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, सचिव रिना अग्रवाल तथा अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल सचिव चैतन्य अग्रवाल ने बताया कि इसी के साथ सप्ताह भर तक प्रतिदिन चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का आगाज होगा। प्रतिदिन समाज के बच्चों, युवक, युवतियों तथा महिलाओं के लिए विविध ज्ञानवर्धक, मनोरंजक, कुकिंग, सजावट और खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। जिसमें समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, मंच एवं पुरस्कार मिलता है। इसे लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। सहभागिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ मनोरंजन के लिए सभी उत्सुक हैं श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत म्यूजिकल अंताक्षरी, फैंसी ड्रेस (छत्तीसगढ़िया गेटअप) आरती की थाली सजाओ, सर्वश्रेष्ठ सजावट, सर्वश्रेष्ठ पकवान, मटका फोड़, कपल गेम, हकुना मटूटा इत्यादि मुख्य आकर्षण होंगे।

29 सितंबर रविवार को संध्या समय अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन उदयाचल प्रांगण में होगा। उदघाटनकर्ता श्रीमती निकिता अग्रवाल (धर्मपत्नी संजय अग्रवाल जिलाधीश राजनांदगांव) एवं श्रीमती जागृति गर्ग (धर्मपत्नी मोहित गर्ग, एसपी राजनांदगांव) होंगी। इसी दिन बाईक रैली भी निकाली जायेगी। 02 अक्टूबर बुधवार को पद्मश्री गोविंद राम आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उदघाटनकर्ता राजनांदगांव के जिलाधीश संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग होंगे। इस अवसर पर नगर उत्सव गणेश विसर्जन झांकी को डी जे के जानलेवा शोर से मुक्त रखते हुए पारंपरिक वैभव के साथ संपन्न कराने के लिए अग्रवाल समाज की ओर से उनका सम्मान किया जाएगा। 'अनेकता में एकता' नृत्य की शानदार प्रस्तुति होगी।

जयंती महोत्सव को शरद अग्रवाल (पोहा), शिव अग्रवाल, राजेश खोखरिया, बिसन गोयल, राजेश जिंदल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल (चाचा), राजेन्द्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम को भव्यता देने तैयारियों में जोर शोर से लगे हुए हैं।

# अमानक उर्वरक के भण्डारण, वितरण एवं प्रदर्शन पर रोक

राजनांदगांव (दावा)। अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) एवं उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे ने उर्वरक नमूने विश्लेषण में अमानक स्तर के पाए जाने पर बीईसी फर्टिलाईजर लिमिटेड सिरगिट्टी बिलासपुर द्वारा निर्मित एसएसपी उर्वरक के जिले में भण्डारण, वितरण एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीईसी फर्टिलाईजर लिमिटेड सिरगिट्टी बिलासपुर द्वारा निर्मित एसएसपी उर्वरक के नमूने को अग्रवाल सेल्स राजनांदगांव से प्राप्त कर उर्वरक नमूने विश्लेषण हेतु उप संचालक कृषि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर भेजा गया। विश्लेषण में उर्वरक नमूना अमानक स्तर का पाया गया।

आवश्यकता है
टैली साफ्टवेयर में बिल बनाने के लिए अकाउंटेंट व काउंटर मैनेजमेंट के लिए युवक व युवतियों की आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
स्वस्तिक स्पोर्ट्स एंड म्यूजिकल्स
भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड,
(राज.) मो. नं.- 7440777791

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com